Bharat Petroleum
M/s. SHANTA SERVICE STATION
Quality & Quantity
Powai Chowk, Behind Shreeram Cinema, Ulhasnagar-4.
Tel.: 0251-2584077
Pure for Sure

सिर्फ 2 रू.
ठाणे जिले का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

# दैनिक धनुषधारी

संस्थापक प्रधान संपादक स्व. श्री दिलीप जे. लालवानी

वर्ष-32, अंक 234, उल्हासनगर, बुधवार 3 सितंबर 2025 ( पृष्ठ 6 )
Mob. No. 9325937797
E-mail Add.:- newsddd@gmail.com dailydhanushdhari@yahoo.com
Post Regd No.THC/111/2024-2026
RNI No. 68359/93,
dhanushdharinews | Dhanushdhari | DhanushdhariN | Website - www.dailydhanushdhari.com




## सांसद डॉ. शिंदे का अंबरनाथ दौरा

### गणेशोत्सव के उत्साह में कार्यकर्ताओं से की मुलाकात



अंबरनाथ (नि.स.)। गणेशोत्सव के अवसर पर कल्याण लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे ने सोमवार को अंबरनाथ शहर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के घर जाकर गणपति बप्पा के दर्शन किए और उन्हें गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं दीं। उनके इस दौरे से कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल रहा। सांसद शिंदे का दौरा शिवसेना शहर प्रमुख अरविंद वालेकर के घर से शुरू हुआ। इसके बाद उन्होंने पवन वालेकर, स्वप्निल जावीर, पूर्व नगरसेवक शशांक गायकवाड़, पूर्व नगराध्यक्ष सुनील चौधरी, पूर्व नगरसेवक सुभाष सालुंके, पूर्व नगरसेवक संदीप लकड़े और स्वप्निल बागुल के घर भी जाकर गणेश जी के दर्शन किए। इस अवसर पर पवन वालेकर के परिवार ने सांसद को लक्ष्मी गणेश की चांदी की मूर्ति भेंट की। कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह पटाखे फोड़कर और जयकारे लगाकर अपने युवा सांसद का स्वागत किया। गणेशोत्सव की भावना के अनुरूप सांसद शिंदे ने अपने निर्वाचन क्षेत्र के नागरिकों से बातचीत की।

## अंबरनाथ की सूर्योदय सोसाइटी में आम बैठक से पहले माहौल तनावपूर्ण

अंबरनाथ (नि.स.)। सूर्योदय सोसाइटी में चल रहे पुनर्विकास कार्य के कारण वर्तमान में तनावपूर्ण माहौल है। कुछ सदस्यों ने आरोप लगाया है कि सदस्यों को पर्याप्त जानकारी नहीं दी जा रही है, खासकर आरक्षित भूखंडों के विकास के संबंध में। इसके मद्देनजर अगले सप्ताह होने वाली सोसाइटी की वार्षिक आम बैठक हंगामेदार होने की संभावना है।

आपको बता दें कि एशियाई महाद्वीप की सबसे बड़ी सुनियोजित बस्ती के रूप में जानी जाने वाली सूर्योदय सहकारी आवास सोसाइटी लिमिटेड की 61वीं वार्षिक आम बैठक शनिवार, 13 सितंबर को सुबह 9.30 बजे सूर्योदय मोठा हॉल, साईं सेक्शन, अंबरनाथ पूर्व में आयोजित की जाएगी। अध्यक्ष शोभा शेट्टी और सचिव नरेंद्र काले ने केवल सदस्यों से इस बैठक में शामिल होने की अपील की है। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में प्रमुख विषयों में पिछली 60वीं आम बैठक के कार्यवृत्त का अनुमोदन, वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए बैलेंस शीट और ऑडिट रिपोर्ट की स्वीकृति, और 2025-26 के बजट का अनुमोदन शामिल है। इसके अतिरिक्त, वैधानिक लेखा परीक्षकों की नियुक्ति, सूर्योदय हॉल में एसी की स्थापना, सौर पैनल लगाने संबंधी निर्णय और अन्य सामयिक विषयों पर भी विचार किया जाएगा। कुछ सदस्यों ने पुनर्विकास के नाम पर हरे पेड़ों की कटाई पर भी कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। इस कारण, बैठक में पुनर्विकास और पर्यावरण के मुद्दों के उपस्थित रहने और उन पर ज़ोरदार चर्चा होने की संभावना है।

## आख़िरकार मनोज जरांगे पाटिल ने भूख हड़ताल समाप्त की



मुंबई (नि.सं.)। मराठा आरक्षण की मांग को लेकर मनोज जरांगे पाटिल पाँच दिनों तक मुंबई के आजाद मैदान में अनशन पर रहे। आख़िरकार राज्य सरकार ने सकारात्मक रुख अपनाया जिसके बाद मनोज जरांगे पाटिल ने अपनी भूख हड़ताल समाप्त करने की घोषणा की। इसपर उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि हमारी भूमिका यह सुनिश्चित करना है कि मराठा समुदाय के साथ अन्याय न हो और मराठा समुदाय को न्याय मिले। मंत्री राधाकृष्ण विखे पाटिल की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया था।

शिंदे ने कहा कि वह उस समिति के सभी सदस्यों को बधाई देते हैं। व्यापक चर्चा के बाद एक बड़ा फैसला लिया गया है। एकनाथ शिंदे ने कहा कि सतारा गजट और हैदराबाद गजट को लेकर माँगें थीं और उन्हें पूरा कर दिया गया है। पूर्ण प्रमाण पत्र प्राप्त करना आसान बनाने की मांग थी। एकनाथ शिंदे ने कहा कि तीन सदस्यीय समिति का गठन किया गया है और तत्काल कार्रवाई की जाएगी। हालाँकि सतारा गजट में कुछ समय लगेगा, यह उन्हें बताया गया है। मराठवाड़ा यानी हैदराबाद गजट को लेकर तत्काल निर्णय लिए गए हैं। बड़े पैमाने पर ये मांग थी। इसमें मैंने मुख्यमंत्री रहते हुए आंदोलन के दौरान मारे गए लोगों को 10 लाख रुपये और नौकरी देने का फैसला लिया था।

एकनाथ शिंदे ने कहा कि इससे कई लोगों को फायदा हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री फडणवीस के नेतृत्व में आगे की कार्रवाई की जाएगी। न्यायधीश शिंदे समिति को 58 लाख रिकॉर्ड मिले हैं। जिनमें से 30 लाख प्रमाण पत्र दिए जा चुके हैं। एकनाथ शिंदे ने कहा, मैंने शिवाजी की शपथ ली थी और कहा था कि मैं मराठा समुदाय को आरक्षण दूंगा और मैंने इसे दिया और बनाए रखा। अब जो मांगें हैं उन्हें स्वीकार करने का फैसला किया गया है। एकनाथ शिंदे ने कहा कि समुदाय के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए और मराठा समुदाय को न्याय मिलना चाहिए। सरकार की भूमिका यह है कि प्रक्रिया सरल हो और प्रमाण पत्र प्राप्त हों। एमपीएससी यूपीएससी का लाभ हो रहा है, विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने वालों को भी इसका लाभ मिल रहा है।

एकनाथ शिंदे ने कहा कि कई फैसले लिए गए हैं। शिंदे ने कहा कि कोई भी फैसला लेते समय उसे कानूनी तौर पर लागू किया जाना चाहिए और उसे बरकरार रखा जाना चाहिए। शिंदे ने कहा कि सतारा राजपत्र में कुछ त्रुटियाँ हैं, इसलिए जल्द ही फैसला लिया जाएगा। अब जो भी माँग की जाएगी, उसकी हैदराबाद राजपत्र में जाँच की जाएगी। प्रक्रिया सरल होनी चाहिए और प्रमाण पत्र प्राप्त किया जाना चाहिए, एकनाथ शिंदे ने कहा। जो जीआर जारी किया गया है वह कानून के दायरे में आता है। प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया सरल है, इसलिए किसी को आपत्ति करने की कोई आवश्यकता नहीं है। एकनाथ शिंदे ने कहा कि मनोज जरांगे पाटिल पिछले दो सालों से आरक्षण के लिए लड़ रहे हैं और संवेदनशील हैं। एकनाथ शिंदे ने कहा कि ओबीसी समुदाय नाराज़ नहीं होगा, क्योंकि मुख्यमंत्री फडणवीस और हमने इस बात का ध्यान रखा है कि उन्हें कोई नुकसान न हो।

## उल्हासनगर : आगामी मनपा चुनाव को लेकर भाजपा ने कसी कमर



प्रदेशाध्यक्ष चव्हाण की उपस्थिति में राकांपा के पूर्व नगरसेवकों ने किया पार्टी में प्रवेश



उल्हासनगर (नि.स.)। आगामी उल्हासनगर महानपालिका चुनाव को लेकर भाजपा ने अब कमर कस ली है। मंगलवार 2 सितंबर की शाम को भाजपा महाराष्ट्र प्रदेशाध्यक्ष रविंद्र चव्हाण उल्हासनगर भाजपा जिला कार्यालय पहुंचे, जहाँ उन्होंने पदाधिकारियों के साथ चुनावी रणनीति और संगठनात्मक मजबूती पर चर्चा की। इस दौरान उनका विधायक कुमार आयलानी और उल्हासनगर जिलाध्यक्ष राजेश वधर्या ने भव्य सत्कार किया। इसी बैठक के बीच भाजपा ने एनसीपी खेमे में बड़ी सेंध लगाई।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण की उपस्थिति में एनसीपी के वरिष्ठ नेता व पूर्व नगरसेवक सतरामदास जेसवानी, महादेव बगाड़े के साथ-साथ रवि जेसवानी, जीतू जेसवानी ने भाजपा में प्रवेश किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष वधर्या ने कहा कि इन नेताओं के भाजपा में प्रवेश करने से कैंप 4 व 5 में भाजपा को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि आने वाले चुनाव के बाद उल्हासनगर मनपा में महापौर भारतीय जनता पार्टी का ही बनेगा। विधायक कुमार आयलानी ने कहा कि शहर में भाजपा बहुत ही सशक्त स्थिति में है और शहर की कार्यकारिणी इसे और अधिक मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयत्नशील है। इस अवसर पर विधायक कुमार आयलानी व जिलाध्यक्ष राजेश वधर्या, जमनु पुरस्वानी, महेश सुखरामानी, लाल पंजाबी, अजीतसिंग लबाना, प्रकाश माखीजा, प्रदीप रामचंदानी, संजय सिंह 'चाचा', प्रशांत पाटिल, किशोर वनवारी, मनोज साधनानी समेत बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## वृद्ध व्यक्ति के साथ 8 लोगों ने मिलकर की धोखाधड़ी

उल्हासनगर (नि.सं.)। मध्य प्रदेश के ग्वालियर में रहने वाले एक वृद्ध व्यक्ति की संपत्ति का एक हिस्सा उल्हासनगर में रहने वाले 8 लोगों ने मिलकर बेच दिया। मिली जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश के ग्वालियर के रहने वाले आयुर्वेदिक डॉ.अमरलाल बालानी ने उल्हासनगर के कैंप दो परिसर में रहने वाले गुलशन एल.गिडवानी, मुरली गुलशन गिडवानी, शाम गुलशन गिडवानी, शंकर गुलशन गिडवानी, जस्सी उर्फ़ दशरथ गुलशन गिडवानी, लाल सुदरदास गिडवानी, पूनम दिनेश चौरसिया तथा सुनील सुदरराव जाधव के खिलाफ धोखाधड़ी की शिकायत उल्हासनगर पुलिस थाना में दर्ज करवाया है। अपनी शिकायत में उन्होंने पुलिस को बताया कि उल्हासनगर के कैंप दो, ओटी सेक्शन परिसर में बैरेक नंबर 600, रूम नंबर 11 में वर्ष 1983 से पहले और आजतक आरोपी क्रमांक एक से पांच तक ने मिलकर उनकी संपत्ति का अगला हिस्सा कोर्ट के आदेश की अवहेलना करते हुए लाल सुदरदास गिडवानी ने पूनम दिनेश चौरसिया के हाथों बेच दिया, और फिर पूनम ने उक्त हिस्सा सुनील सुदरराव जाधव के हाथों बेच दिया और वह गैर क़ानूनी रूप से उसमें रह रहा है। बहरहाल मामले की जाँच पुलिस उपनिरीक्षक लहू सातपुते कर रहे हैं।

## मुंबई पुलिस का डर दिखाकर सायबर ठगों ने महिला से ठगे लाखों रुपए

उल्हासनगर (नि.स.)। एक बार फिर सायबर ठगों के जाल में एक 53 साल की महिला फंस गई और उन्होंने अपनी जमा पूंजी के लाखों रूपये गंवा दिए। मिली जानकारी के अनुसार उल्हासनगर के कैंप दो, खेमानी चौक परिसर में रहने वाली प्रिय वलेचा ने अज्ञात शख्स के खिलाफ उल्हासनगर पुलिस थाना में धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज करवाई है।

अपनी शिकायत में उन्होंने पुलिस को बताया कि 26 अगस्त को एक अज्ञात शख्स ने उनके मोबाइल पर कॉल करके खुद को मुंबई पुलिस बताते हुए उनसे कहा कि उनके मोबाइल फोन और आधार कार्ड का इस्तेमाल करके नरेश नाम के व्यक्ति ने 81 करोड़ रूपये का फ्रॉड किया है। उस अज्ञात शख्स ने उन्हें गिरफ्तारी का भय दिखाते हुए उन्हें पुलिस थाना में बुरी तरह पीटने की धमकी देते हुए इतना डरा दिया कि इन सबसे बचने के लिए उसने 3 लाख रूपये अरमान मंसूरी नाम के शख्स के बैंक खाते में ट्रांसफर करने के लिए मजबूर कर उनके साथ धोखाधड़ी की। मामले की जाँच पुलिस निरीक्षक लक्ष्मण कांबले कर रहे हैं।

## अंबरनाथ में मनसे-ठाकरे गुट एकजुट, नगर परिषद चुनाव में नए समीकरण?

अंबरनाथ (नि.स.)। हाल ही में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के शहर अध्यक्ष चुने गए शैलेश शिर्के का शनिवार को शहर में जोरदार स्वागत किया गया। गौरतलब है कि मनसे कार्यकर्ताओं के साथ-साथ उद्धव बालासाहेब ठाकरे गुट (ठाकरे गुट) के कार्यकर्ता भी इस स्वागत समारोह में शामिल हुए। दोनों दलों के कार्यकर्ताओं ने एक साथ आकर आतिशबाजी और ढोल-नगाड़ों के साथ जश्न मनाया। पूर्व शिवसेना शाखा की ओर से हुए इस स्वागत समारोह से छत्रपति शिवाजी महाराज चौक गुलजार हो गया। आपको बता दें कि हाल ही में मनसे के उप जिला अध्यक्ष रहे शैलेश शिर्के को ठाणे में आयोजित पदाधिकारियों की बैठक में पार्टी अध्यक्ष राज ठाकरे ने शहर अध्यक्ष का नियुक्ति पत्र सौंपा। इस चुनाव के बाद शिर्के ने मनसे छोड़ने वालों को 'जीरो' बताया। 'जो लोग गए थे, वे शून्य थे, हमने उन्हें एक रुपया बना दिया। अब हम उन्हें फिर से शून्य बना देंगे', उन्होंने दृढ़ता से कहा और कहा कि आगामी चुनावों में वे बिना पैसे के चुनाव लड़ना सिखाएँगे। उन्होंने शिक्षित और युवा चेहरों को मौका देने और उन्हें जिताने का भी भरोसा जताया। वहीं, शिवसेना ठाकरे गुट के शहर अध्यक्ष अजीत काले ने भी शैलेश शिर्के के बयान का समर्थन किया। उन्होंने दोनों ठाकरे भाइयों (राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे) के नेतृत्व में अंबरनाथ सीट जीतने का विश्वास जताते हुए कहा, 'जो लोग शून्य थे, हम उन्हें फिर से शून्य बना देंगे।' मनसे और ठाकरे गुट का यह विलय आगामी अंबरनाथ नगर निगम चुनावों में भाजपा और शिंदे गुट के लिए एक बड़ी चुनौती पेश कर सकता है। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि दोनों दलों के एक साथ आने के इस स्वागत को देखते हुए भविष्य में गठबंधन की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

## रिक्शा रोककर 21 हजार लूटने वाला आरोपी विट्ठलवाड़ी पुलिस के हत्थे चढ़ा



उल्हासनगर (नि.सं.)। हाल ही में एक युवक ने विट्ठलवाड़ी पुलिस थाना में जबरन लूटपाट की शिकायत दर्ज करवाई थी और इस मामले को विट्ठलवाड़ी पुलिस ने सफलतापूर्वक सुलझाते हुए एक लुटेरे को गिरफ्तार किया है। बता दें कि 27 साल के अजयकुमार शामल गौतम जो कि हिललाइन पुलिस स्टेशन के पीछे, प्रेम टेकड़ी, उल्हासनगर 5 का रहने वाला है, उसने 22 अगस्त को विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में लूटपाट की शिकायत दर्ज कराई थी। अपनी शिकायत में उसने पुलिस को बताया था कि 22 अगस्त को शाम 7 बजे से शाम 7.30 बजे के बीच वह और उसका साथी श्रीराम चौक से उल्हासनगर 5 की ओर रिक्शा से जा रहे थे, तभी आरोपी ने उल्हासनगर 4 स्थित सरकारी प्रसूति अस्पताल के सामने रियल टच शॉप के कोने पर रिक्शा रोक दिया और उससे कहा, 'तुमने मेरे शरीर पर क्यों थूका?' इस पर उसने उससे कहा, 'हमने नहीं थूका।' लेकिन वह और उसके साथियों ने उसके साथ दुर्व्यवहार किया, उसके साथ बहस की, उसे थप्पड़ मारे और चाकू की नोक पर उसे कारा मोटर्स के सामने गली में जाने के लिए मजबूर किया। फिर आरोपियों ने चाकू की नोक पर उससे और उसके साथियों से कुल 21,000 रुपये नकद जबरन छीन लिए और एमएच-05-बीजी-9791 नंबर के ऑटो-रिक्शा में उल्हासनगर रेलवे स्टेशन की ओर भाग गए। तदनुसार, शिकायतकर्ता द्वारा दर्ज की गई शिकायत पर, विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया।

उक्त अपराध की जांच विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अशोक कोली के मार्गदर्शन में पुलिस उपनिरीक्षक बी.आर.दराडे और क्राइम डिटेक्शन टीम के पुलिस कर्मियों द्वारा की जा रही थी, सी.सी.टी.वी. फुटेज के आधार पर तलाश करते समय, क्राइम डिटेक्शन टीम के पुलिस सिपाही मंगेश वीर को एक गुप्त मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि उक्त अपराध के सी.सी.टी.वी. फुटेज में दिखाई देने वाला व्यक्ति उल्हासनगर-4, सर्टिफाई स्कूल के सामने मैदान में आएगा। सूचना मिलने के बाद, क्राइम डिटेक्शन टीम के सहायक पुलिस निरीक्षक हर्षल कुलकर्णी, पुलिस उपनिरीक्षक बी.आर.दराडे और क्राइम डिटेक्शन टीम ने एक सितंबर को देर रात सर्टिफाई स्कूल, उल्हासनगर-4 के सामने मैदान में जाकर वहां जाल बिछाया और संजय रतन राठौड़ (23), पेशा मजदूर, निवासी प्रकाशनगर, शिवमंदिर रोड, बारकुपाड़ा, पाटिल किराना स्टोर्स, अंबरनाथ पूर्व, को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके पास से लूटी गई 21,000रुपये नकद और अपराध में प्रयुक्त चाकू जब्त कर लिया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया जहाँ कोर्ट ने उसे 03 सितंबर तक पुलिस हिरासत में रखने का आदेश दिया। आगे की जाँच पुलिस उप निरीक्षक बी.आर.दराडे द्वारा की जा रही है।

यह कार्रवाई पुलिस आयुक्त आशुतोष डुंबरे, ज्ञानेश्वर चव्हाण, संयुक्त पुलिस आयुक्त, ठाणे शहर, संजय जाधव, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त, पुर्व प्रादेशिक विभाग, कल्याण, सचिन गोरे, पुलिस उपायुक्त, परिमंडल 4, उल्हासनगर, अमोल कोली, सहायक पुलिस आयुक्त, उल्हासनगर विभाग के मार्गदर्शन में, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अशोक कोली, चंद्रहार गोडसे, पुलिस निरीक्षक (अपराध), उप-निरीक्षक हर्षल कुलकर्णी, उप-निरीक्षक बंकटस्वामी दराडे और अपराध जांच टीम के सदस्य पुलिस हवलदार रामदास मिसाल, सुजीत निचिते, हरिश्चंद्र घाणे, पाटिल, दिलीप चव्हाण, संतोष सांगले, पुलिस सिपाही गणेश राठौड़, सुनील गावित, बुरकुल, हनुमंत सानप, मंगेश वीर, चंद्रकांत गायकवाड़ तथा सागर मोरे सफलतापूर्वक किया।

## उज्जैन महाकाल मंदिर की तर्ज पर रुद्र ग्रुप ने की भस्म आरती



उल्हासनगर (नि.स.)। उल्हासनगर कैंप 1 स्थित ममता हॉस्पिटल के पास भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता रोशन पुरुस्वानी के नेतृत्व में रुद्र ग्रुप द्वारा इस वर्ष गणेशोत्सव पर एक विशेष आकर्षण प्रस्तुत किया गया है। यहाँ पूरा पंडाल उज्जैन के प्रसिद्ध महाकाल मंदिर की भव्य थीम पर सजाया गया है, जिसने भक्तों को मानो उज्जैन की धरती पर पहुँचा दिया हो। इसी कड़ी में सोमवार, 1 सितंबर की तड़के सुबह 4 बजे रुद्र ग्रुप द्वारा महाकाल मंदिर की तर्ज पर भस्म आरती का भव्य आयोजन किया गया। यह आरती दो घंटे तक चली और सुबह 6 बजे तक पूरे परिसर में 'गणपति बप्पा मोरया' और 'हर-हर महादेव' के जयकारे गूंजते रहे। विशेष बात यह रही कि इतनी सुबह भी बड़ी संख्या में भक्तजन आरती में शामिल होने पहुँचे। आरती के दौरान वातावरण शिवमय हो उठा।

पंडाल में बनाए गए शिव के त्रिशूल और विशेष झांकियों के साथ-साथ डमरु ने श्रद्धालुओं को खासा आकर्षित किया और सभी का मन मोह लिया। भव्य आरती के बाद युवा नेता रोशन पुरस्वानी ने सुबह-सुबह उपस्थित सभी भक्तों के प्रति आभार व्यक्त किया। वहीं, भक्तों ने भी इस अनूठी पहल की जमकर सराहना की और कहा कि इस तरह का आयोजन पहली बार उल्हासनगर में देखने को मिला है, जिसने उन्हें उज्जैन महाकाल की अनुभूति करा दी। इस अवसर पर भाजपा वरिष्ठ नेता जमनु पुरस्वानी, हरेश पुरस्वानी व रूद्र ग्रुप के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



## संपादकीय

# टैरिफ विवाद ने बिगाड़े भारत-अमेरिका रिश्ते

भारत और अमेरिका के बीच शुल्क के मसले पर जिस तरह खींचतान की स्थिति बन गई है, उसमें भारत के सामने निश्चित रूप से नई चुनौतियां खड़ी हुई हैं। मगर यह भी सही है कि भारत इससे निपटने के लिए सभी मौजूद वैकल्पिक रास्ते अपना रहा है, नए उपाय निकाल रहा है, ताकि अमेरिकी शुल्क थोपे जाने का देश पर कोई बड़ा असर न पड़े। इसके समांतर शुल्क नीति से उपजे दबाव में आने के बजाय भारत ने अमेरिका के सामने भी अपने फैसले पर फिर से विचार करने का विकल्प खुला रखने का मौका छोड़ा हुआ है। यही वजह है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बार-बार शुल्क लगाने और इसके परिणाम भारत पर पड़ने का हवाला देने के बावजूद ऐसी गुंजाइश बनाने की कोशिश करते दिख रहे हैं कि दोनों देशों के बीच संवाद बहाल हो और कोई नया रास्ता निकले। गौरतलब है कि पचास फीसद शुल्क लगाने का अमेरिकी फैसला लागू हो चुका है और अब भारत के सामने इससे उपजी नई परिस्थितियों से निपटने की चुनौती है। जाहिर है, अब इसी को ध्यान में रखते हुए भारत को आर्थिक और कूटनीतिक स्तर पर कदम उठाने की जरूरत है। इसी क्रम में शुल्क लगाए जाने के असर को कम करने के लिए सरकार की ओर से बहुस्तरीय प्रयास जारी हैं। मगर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खड़ी होने वाली तात्कालिक बाधाओं के बरक्स दीर्घकालिक दृष्टि से समस्या का समाधान निकालना वक्त की जरूरत होती है। यह अमेरिका भी समझता है कि शुल्क लगाने का असर फिलहाल भारत पर जो भी पड़े, लंबे समय में इसके नुकसानों से वह भी अछूता नहीं रहेगा। शायद इसीलिए इस मुद्दे पर टकराव की स्थिति खड़ी हो जाने के बाद अब अमेरिका की ओर से भी समाधान के लिए कदम बढ़ाने के संकेत मिलने शुरू हो गए हैं। दोनों देशों में उच्चस्तर से इस बात की संभावना जताई गई है कि भारत और अमेरिका के बीच संवाद के रास्ते खुले हैं और शुल्क मुद्दे को सुलझाने के प्रयास जारी रहेंगे। खुद अमेरिकी वित्त मंत्री ने द्विपक्षीय संबंधों के बारे में कहा कि निश्चित रूप से यह एक 'उलझा हुआ मामला' है, लेकिन उम्मीद की जानी चाहिए कि दोनों देश 'आखिरकार' एक साथ आ जाएंगे। इसी तरह, यह भी माना जा रहा है कि भारत और अमेरिका के बीच दीर्घकालिक संबंधों का यह एक अस्थायी दौर है। इसमें कोई दोराय नहीं कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलग-अलग देशों और उनसे बने घोषित-अघोषित समूहों के बीच हितों के सवाल खड़े होते रहते हैं और कई बार प्रतिद्वंद्विता और इससे आगे टकराव के हालात भी पैदा होते हैं। इस लिहाज से देखें, तो भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता के किसी सकारात्मक निष्कर्ष तक पहुंचने को लेकर अब भी उम्मीद बनी हुई है।

हालांकि अमेरिका ने भारी शुल्क लगाने की रणनीति का सहारा शायद इसीलिए लिया, ताकि वह व्यापार वार्ता में अपने हित में फैसले लिए जाने के मसले पर भारत पर दबाव बना सके। इसी कड़ी में रूस से तेल खरीदने पर जुर्माने के तौर पर शुल्क का फीसद बढ़ाने का फैसला भी शामिल था। हालांकि रूस से तेल खरीद को लेकर अमेरिका अपने और अन्य देशों के संदर्भ में खुद ही विरोधाभासी नीतियां अपनाने के आरोप में घिरा है। अमेरिका और भारत के बीच हाल के वर्षों में जिस तरह के समीकरण बने थे, उसका स्वरूप दोनों पक्षों के दीर्घकालिक हित सुनिश्चित करना था। जरूरत इस बात की है कि अमेरिका तात्कालिक हितों को प्राथमिकता देने के बजाय दूरगामी हित को ध्यान में रख कर अपने रुख पर विचार करे।

**संपादक,टीकम लालवानी**

**देश दुनिया का सबसे बड़ा सामाजिक संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने के अवसर पर अगले एक वर्ष तक विभिन्न प्रबुद्ध कार्यक्रम व अभियान चलाने वाला है ताकि भारतीय सभ्यता-संस्कृति पर आधारित हिन्दू राष्ट्र के व्यापक दर्शन और उसमें अंतर्निहित महान सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक जनसरोकारों से जन-जन को सुपरिचित कराया जा सके। इस नजरिए से नई दिल्ली के प्रतिष्ठित विज्ञान भवन सभागार में अपने कर्मठ समाजसेवी लोगों को संबोधित करते हुए संघ प्रमुख मोहन भागवत ने जो कुछ भी कहा, उन शताब्दी संदेशों के सामाजिक-सांस्कृतिक मायने को समझने-समझाने की जरूरत है ताकि भव्य व मजबूत भारत का पुनरूत्थान संभव हो सके। यही बात शेष दुनिया पर भी लागू हो सकती है।**

# संघ प्रमुख मोहन भागवत के शताब्दी संदेशों के सामाजिक-सांस्कृतिक मायने को समझिए

(कमलेश पांडे )

दरअसल, संघप्रमुख मोहन भागवत ने जो कुछ कहा और भारत के समग्र हित में जो कुछ नहीं कह पाए, उसे समझने-समझाने की जरूरत है। उनके उर्वर लोक दर्शन को जन जन तक पहुंचाने की आवश्यकता है, ताकि सबका भला हो सके।

देश दुनिया का सबसे बड़ा सामाजिक संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने के अवसर पर अगले एक वर्ष तक विभिन्न प्रबुद्ध कार्यक्रम व अभियान चलाने वाला है ताकि भारतीय सभ्यता-संस्कृति पर आधारित हिन्दू राष्ट्र के व्यापक दर्शन और उसमें अंतर्निहित महान सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक जनसरोकारों से जन-जन को सुपरिचित कराया जा सके। इस नजरिए से नई दिल्ली के प्रतिष्ठित विज्ञान भवन सभागार में अपने कर्मठ समाजसेवी लोगों को संबोधित करते हुए संघ प्रमुख मोहन भागवत ने जो कुछ भी कहा, उन शताब्दी संदेशों के सामाजिक-सांस्कृतिक मायने को समझने-समझाने की जरूरत है ताकि भव्य व मजबूत भारत का पुनरूत्थान संभव हो सके। यही बात शेष दुनिया पर भी लागू हो सकती है। इसलिए उन पर न केवल भारत सरकार बल्कि संयुक्त राष्ट संघ से जुड़े सभी देशों के राष्ट्राध्यक्ष को भी गौर करना चाहिए और अपनी प्रशासनिक नीतियों में उन्हें वरीयता दी जानी चाहिए।

दरअसल, संघप्रमुख मोहन भागवत ने जो कुछ कहा और भारत के समग्र हित में जो कुछ नहीं कह पाए, उसे समझने-समझाने की जरूरत है। उनके उर्वर लोक दर्शन को जन जन तक पहुंचाने की आवश्यकता है, ताकि सबका भला हो सके। आप मानें या न मानें, उनकी इन बातों में दम है कि उपभोक्तावाद की वृद्धि के कारण दुनिया में पाप, दुःख और संघर्ष बढ़ रहा है। इसलिए जनसेवा और त्याग जैसे धार्मिक संस्कारों से ही उनका सम्यक मुकाबला किया जा सकता है। उन्होंने ठीक ही कहा है कि वोक कल्चर पूरी दुनिया पर छा रहा संकट है, क्योंकि लोग अपने अलावा किसी दूसरे की ओर नहीं देख रहे हैं। इससे बचने के लिए लोगों को केवल धर्म का मार्ग अपनाना चाहिए।

मोहन भागवत ने 'हिंदुत्व' की परिभाषा पर भी विस्तार से बात करते हुए समझाया कि, हिंदुत्व या हिंदुपन क्या है? अगर इसे संक्षेप में कहना हो तो दो शब्द हैं सत्य और प्रेम। दुनिया का संचालन एकता से होता है, सौदेबाजी और अनुबंधों से नहीं। चूंकि हिंदुस्तान का जीवन मिशन विश्व कल्याण है। उनका कहना था कि विकास की दौड़ में दुनिया ने भीतर झांकना छोड़ दिया है। अगर भीतर खोज होगी तो ऐसी अनंत खुशी मिलेगी जो कभी खत्म नहीं होगी। यही मानव जीवन का अंतिम लक्ष्य है। इससे ही पूरी दुनिया में शांति और सौहार्द का माहौल बनेगा। उन्होंने यह भी कहा कि हिंदुत्व किसी एक संप्रदाय या समुदाय की विचारधारा नहीं है, बल्कि यह वह सोच है जो सत्य और प्रेम पर आधारित होकर सबको साथ लेकर चलती है। अगर यही मार्ग अपनाया जाए तो दुनिया के संघर्ष खत्म हो जाएंगे और सच्चा सुख-शांति स्थापित होगी।



लिहाजा, सम्भव है कि भागवत के सम्पूर्ण शताब्दी उपदेश का भविष्य में कुछ सकारात्मक असर हो सकता है। पहला, भाजपा-विरोधी दलों का आरोप कमजोर हो सकता है कि हिंदू राष्ट सिर्फ सत्ता हथियाने का औजार है, जबकि भाजपा की प्राथमिकता राष्ट्रीय सुरक्षा और विकास है। दूसरा, भाजपा को अपनी भाषा और नीतियों में 'समावेशिता' दिखानी पड़ सकती है। इससे उत्तर के साथ साथ दक्षिण में भी उसका विस्तार संभव है। तीसरा, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह संदेश भी जाएगा कि भारत का राष्ट्रवाद अधिनायकवादी नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और समावेशी है। इसमें ग्लोबल साउथ का भी हित निहित है जो कि दलित-पिछड़े देशों का समूह है।

सामाजिक विविधता और उससे संघर्ष की आशंका पर सवाल उठते हुए मोहन भागवत ने स्पष्ट कहा कि समाज में जीवन में विविधता है, लेकिन कई बार इनमें संघर्ष भी दिखाई देता है, लेकिन सबको साथ लेकर चलना है और इसके लिए सबके बीच समन्वय स्थापित करना है। इसके लिए कई बार कुछ त्याग भी करना पड़ता है जिसके लिए सदैव तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि धर्म सदैव सार्वकालिक सुखदाई होता है। यदि कोई वस्तु दुखदाई है तो वह धर्म नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि मरने के बाद अलग-अलग वर्गों के लिए अलग श्मशान होने की सोच को स्वीकार नहीं किया जा सकता। सबको साथ लेकर देश को मजबूत बनाएंगे।

बढ़ते उपभोक्तावाद पर हमलावर होते हुए उन्होंने कहा कि उपभोक्तावाद की वृद्धि के कारण दुनिया में पाप, दुःख और संघर्ष बढ़ रहा है। वोक कल्चर पूरी दुनिया पर छा रहा संकट है। क्योंकि लोग अपने अलावा किसी दूसरे की ओर नहीं देख रहे हैं। इससे बचने के लिए लोगों को केवल धर्म का मार्ग अपनाना चाहिए। यह धर्म लोगों को हमेशा मध्यम मार्ग पर बनाए रखता है और इससे आपस में संघर्ष पैदा नहीं होता। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के शब्दों में दोहराया कि, भारत के पास धर्म है जिसे उसे समय-समय पर दुनिया को देनी चाहिए। धर्म शाश्वत है। उन्होंने कहा कि धर्म मूल तत्व है जो स्वभाव होता है। इसका धर्मांतरण नहीं किया जा सकता।आरएसएस के जनोपयोगी सोच को जन जन तक पहुंचाने की बात करते हुए मोहन भागवत ने कहा है कि आरएसएस का लक्ष्य यह है कि जो संघ में हो रहा है, वह परिवार और समाज में भी हो। इसके लिए प्रयास करना चाहिए। उन्होंने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा कि समाचारों की दुनिया से भारत को नहीं समझा जा सकता। समाचारों में जितना गलत दिखाई देता है, उससे 40 गुना अधिक अच्छा समाज के बीच हो रहा है। इसलिए समाज को संगठित करने के लिए जातिगत भेदभाव को यथाशीघ्र समाप्त करना चाहिए। इसके लिए स्वयंसेवकों को अपने आसपास की बस्तियों तक पहुंचना चाहिए। क्योंकि जब तक समाज में आपसी अविश्वास और भेदभाव हो, उसे समाप्त किए बिना संबंध मजबूत नहीं हो सकता।

समाज के पददलितों की चिंता को स्वर देते हुए भागवत ने कहा कि समाज के कमजोर वर्गों का सहयोग एक स्वाभाविक कार्य हो जाना चाहिए। पारस्परिक दूरियों को पाटने के लिए दोनों वर्गों से काम किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारा इतिहास और संस्कृति एक ही है। केवल नक्शे पर रेखाएं खिंचने से नए-नए देश बन गए हैं, लेकिन पूर्व में उनकी संस्कृति भी एक ही रही है। दूसरे देशों को जोड़ने का कार्य सबसे पहले पड़ोसी देशों से शुरू होना चाहिए। उनके साथ भी आत्मीय संबंध बनाकर उनके विकास की भी चिंता होनी चाहिए।

युवाओं को लक्षित करते हुए मोहन भागवत ने ठीक ही कहा है कि आज युवाओं की सोच निजी स्तर पर केंद्रित होती जा रही है, जिसके दुष्परिणाम दिखाई दे रहे हैं। लिहाजा इसे ठीक करना है तो इसके लिए कुटुंब प्रबोधन करना चाहिए। इसके अंतर्गत सप्ताह में एक बार एक समय पर बैठकर भोजन करना और अपनी धर्म-संस्कृति पर चर्चा करनी चाहिए। इस बैठक में यह भी चिंता करनी चाहिए कि जिस धर्म और समाज से हम हैं, उसके लिए हम क्या कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि सामाजिक समरसता के लिए परिवारों को आपस में जोड़ने की कोशिश करनी चाहिए। मरने के बाद श्मशान का भेद समाज के लिए सही नहीं है। उन्होंने कहा कि अपने घर में भोजन, भजन, वस्त्र सब कुछ अपनी परंपरा के अनुसार होना चाहिए। युवाओं का आह्वान करते हुए मोहन भागवत ने कहा कि अपनी बातों को मनवाने के लिए हिंसात्मक तरीका नहीं अपनाना चाहिए। क्योंकि इसका उपयोग करके लोग देश को तोड़ने का काम करते हैं।वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

## संघ और बदलता विमर्श

(अनिल पांडेय )

एक सदी पहले मुट्ठीभर लोगों से शुरू हुआ संगठन आज देश के सबसे सशक्त और प्रभावी संगठनों में गिना जाता है। इसके बावजूद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ न तो कभी आत्मप्रचार की दौड़ में शामिल हुआ और न ही उसने संगठित दुष्प्रचारों का जवाब देने को आवश्यक समझा। लेकिन समय बदल रहा है। दशकों तक लगातार निशाना बनाए जाने के बाद अब संघ प्रमुख मोहन भागवत ने सीधे सवालों का जवाब देना जरूरी समझा। उन्होंने स्पष्ट किया कि हिंदू और हिंदुत्व का वास्तविक अर्थ क्या है, और क्यों संघ पर लगाए जाने वाले आरोप महज राजनीतिक हथकंडे हैं।

'नमस्ते सदा वत्सले मातृभूमि' के भाव के साथ राष्ट्रसेवा में जुटा यह संगठन दशकों से वामपंथी-उदारवादी विमर्श और पश्चिमी चश्मे से भारत को देखने वालों का सबसे प्रिय निशाना रहा है। संघ की आलोचना आज भी खुद को 'लिबरल' और 'प्रगतिशील' साबित करने की अनिवार्य शर्त मानी जाती है। लेकिन अब परिदृश्य बदल रहा है और नरेटिव का पेंडुलम संघ की ओर झुकता दिखाई दे रहा है।

नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित '100 वर्ष की संघ यात्रा- नए क्षितिज' कार्यक्रम में मोहन भागवत ने साफ कहा, 'हिंदू मतलब जो अपने-अपने रास्ते पर श्रद्धा रखे, दूसरों का भी सम्मान करे और रास्तों को लेकर झगड़ा न करे। यह परंपरा और संस्कृति जिनकी है, वही हिंदू है।' उनका सीधा संदेश था-हिंदू का अर्थ 'हिंदू बनाम अन्य' नहीं, बल्कि समावेशिता है।

संघ के खिलाफ हमेशा राजनीति की जाती रही है। मोहन भागवत ने कहा कि संघ के बारे में चर्चाएं बहुत होती हैं, लेकिन तथ्यपरक जानकारियां कम होती हैं। लेकिन यदि विमर्श तथ्यों पर आधारित हो जाए, तो संघ-विरोधी दुष्प्रचार ठहर नहीं पाएंगे। दरअसल, तथाकथित धर्मनिरपेक्ष राजनीति लंबे समय से चुनावी फायदे के लिए संघ का हौव्वा खड़ा करती रही है। संघ का नाम लेकर एक समुदाय विशेष को डराए रखना है ताकि थोक में उनके वोट मिल सकें। हिंदू राष्ट का हौव्वा खड़ा कर दलितों को आरक्षण पर खतरे का भय दिखाया जाता है। यही कारण है कि असहिष्णुता आंदोलन जैसे अभियानों को हवा दी गई और संघ-भाजपा को तालिबान बताने तक की कोशिश हुई।

संघ पर सबसे तीखा हमला वामपंथी विचारधारा से आता है। इसका कारण महज राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता नहीं है, बल्कि गहरी वैचारिक असहमति है। वामपंथियों का मानना है कि राष्ट की पहचान केवल आर्थिक वर्ग-संघर्ष और वैश्विक मार्क्सवादी एजेंडे से परिभाषित होनी चाहिए। दूसरी ओर, संघ मानता है कि भारत की आत्मा उसकी संस्कृति और सभ्यता में निहित है। यही कारण है कि वामपंथी विमर्श में संघ को अक्सर प्रतिक्रियावादी और 'फासीवादी' ठहराने का प्रयास किया जाता है।

बिन्दु मिलाओ और कलर करो...




## वर्ग पहेली 5666

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | | | 5 | 6 |
| 7 | | | | | 8 | | |
| | | | 9 | 10 | | | |
| 11 | | | 12 | | | | |
| | | 13 | | | | 14 | |
| | 15 | | | 16 | | 17 | 18 |
| 19 | | | | | | | |
| 20 | | | | | | | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. सिखों के आदि गुरू जिनका मूलनाम भाई लहनासिंह था (1539-1532) (5)
5. प्रसिद्ध पुस्तक डिवाइन कॉमेडी के इस लेखक की कृति है (2)
7. नाक में झूलने वाला एक प्रकार का गहना, लटकने का भाव (4)
8. किसी वस्तु का ऊपरी भाग या विस्तार, लेबल (3)
9. पावित्र, पाक, शुद्ध (3)
11. ईर्ष्या, जलन (2)
12. शक, संदेह, भ्रम (3)
13. सड़क मार्ग (अंगेजी)(2)
15. मेहनताना, पारिश्रमिक शुल्क (4)
17. कामना, प्रार्थना (उर्दू)(4)
20. पुरानी फिल्मों को प्रसिद्ध गीतकार जो संगीतकार शंकर जयकिशन के पसंदीदा गीतकार थे (8)

**ऊपर से नीचे**

1. उद्यान, वाटिका, वर्तमान के प्रसिद्ध गीतकार (4)
2. जड़, मूल (अंग्रेजी)(2)
3. संख्या का चिन्ह, रूपक का एक प्रकार (2)
4. बंदूक की गोली का चूर्ण अंग्रेजी में यह कहते है (6)
5. रद, दंत (2)
6. यह ईरान देश की राजधानी है (4)
8. प्रेमी, साजन, बलमा (3)
10. परोक्ष व्यक्ति के संकेत का शब्द, बातचीत में दूर स्थित (2)
13. व्यापार, तिजारत, काम-धंधा (4)
14. अत्यंत सूक्ष्म गोलाकार निशान, पुरानी फिल्मों की एक अभिनेत्री (1969 से 1985 तक)(2)
16. शिष्टता, सभ्यता, अदब, शिष्टाचार (3)
18. सबके अंत में होने वाला, अंतिम (3)
19. दुख, पीड़ा, शोक, पश्याताप आदि को बतलाने वाला अव्यय (2)

**वर्ग पहेली 5665 का हल**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ओ | म | पु | री | | औ | स | त |
| ह | म | रा | ज | | ला | | क्ष |
| दा | | त | न | ब | द | न | |
| | फ | न | | दी | | व | य |
| सु | त | | घा | | ता | जी | म |
| ब | ह | क | ना | | जा | व | क |
| क | | त | | सी | | न | |
| ना | म | र | ख | ना | | | सा |

रास्ता खोजो...



Reliance
Konark Enterprises Pvt. Ltd.
AUTHORISED DEALER
Fully Computerised Weigh Bridge 50 TON
100% Quality & Quantity
Reliance Petrol Pump, Near Sai baba Mandir, Ambarnath



# खाना पकाने के लिए जैतून का तेल कितना स्वस्थ है?

यदि आप अपने दिल की फिक्र रहती है, तो अपना खाना पकाने के तेल चुनते समय भी तेल की अच्छी जानकारी होनी चाहिए।

## हेल्दी और अनहेल्दी फैट क्या है

भोजन में चार प्रमुख आहार वसा होते हैं। खराब वसा, जिसमें संतृप्त और ट्रांस वसा होते हैं, कमरे के तापमान (जैसे मक्खन) पर अधिक ठोस होते हैं, जबकि मोनोअनसैचुरेटेड और पॉलीअनसेचुरेटेड वसा अधिक तरल होते हैं (जैसे कैनोला तेल)। अनहेल्दी अनसैचुरेटेड फैट के विपरीत, अच्छे वसा शरीर में रक्तचाप और कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद करते हैं, इसलिए, हृदय रोग और स्ट्रोक के जोखिम को कम करते हैं। यह हृदय रोग से जुड़े ट्राइग्लिसराइड्स को भी कम करता है और सूजन से लड़ता है। अच्छे मोनोअनसैचुरेटेड वसा के कुछ अच्छे स्रोत हैं- जैतून, कैनोला, मूंगफली और तिल का तेल।

## जैतून का तेल कितना स्वस्थ है?

जैतून का तेल हेल्दी खाना पकाने का तेल है। जैतून से संतृप्त वसा पर बहुत कम है और अन्य आवश्यक पोषक तत्वों से युक्त होते हुए अच्छे वसा (मोनोअनसैचुरेटेड वसा) में ज्यादा समृद्ध है। कहा जाता है कि स्वस्थ खाना पकाने के तेल में 14% संतृप्त तेल, 11% पॉलीअनसेचुरेटेड, जैसे ओमेगा -6 और ओमेगा -3 फैटी एसिड और 73% मोनोअनसैचुरेटेड वसा होता है। जैतून के तेल में प्रमुख फैटी एसिड को ओलिक एसिड कहा जाता है, जो सूजन को कम करने में मदद करता है। इसके अलावा, जैतून के तेल में बड़ी मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट गुण भी होते हैं, जो आपके पुराने रोगों के जोखिम को कम कर सकते हैं।

## किसमें है ज्यादा फैट

जैतून से जैतून का तेल निकाला जाता है, वैसे ही नारियल से नारियल का तेल निकाला जाता है। दोनों फायदों से भरपूर है। एंटीबैक्टीरियल गुणों से भरपूर वेट लॉस फ्रेंडली तेल भी हैं। विशेषज्ञों के अनुसार नारियल तेल में इसमें 80 से 90 प्रतिशत संतृप्त वसा (अनहेल्दी अनसैचुरेटेड फैट) होता है, जिसका अर्थ है कि नारियल के तेल के एक चम्मच में जैतून के तेल की तुलना में लगभग छह गुना अधिक संतृप्त वसा होती है।

## कौन-सा तेल है बेहतर

जब हार्ट-स्वस्थ खाना पकाने के तेल की बात आती है, तो जैतून का तेल नारियल के तेल और खाना पकाने में इस्तेमाल होने वाले कई अन्य तेलों की तुलना में काफी बेहतर होता है। जैतून का तेल एलडीएल (खराब) कोलेस्ट्रॉल और हृदय रोग के जोखिम को कम करता है, नारियल के तेल के विपरीत, जिसमें उच्च संतृप्त वसा होता है, जिसे हृदय रोग के जोखिम को बढ़ाने के लिए जाना जाता है। जैतून का तेल टाइप 2 डायबिटीज और कुछ कैंसर के खतरे को कम करता है।





# गलत खान-पान और पानी की कमी से बन सकती है किडनी में पथरी

गलत खान-पान और पानी की कमी से किडनी में पथरी बन सकती है। यह गंभीर समस्या है जिसका तुरंत इलाज किया जाना चाहिए। इसमें मरीज को गंभीर दर्द होता है। मेडिकल में इसके कई इलाज हैं लेकिन कुछ घरेलू उपचारों के जरिए किडनी की बाहर निकाला जा सकता है।

किडनी मानव शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंगों में से एक है। किडनी का मुख्य काम शरीर से हानिकारक विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालना और पानी, अन्य तरल पदार्थ, रासायनिक और खनिज के स्तर को बनाए रखना है। यह शरीर में खून को भी फिल्टर करती है। स्वस्थ जीवन के लिए व्यक्ति के पास ठीक से काम करने वाली किडनी होनी चाहिए। मनुष्य रोजाना विभिन्न खाद्य पदार्थों का सेवन करता है, जो बाद में ऊर्जा में बाल जाते हैं। इस प्रक्रिया के दौरान कई तरह के विषाक्त पदार्थ शरीर में जमा होते रहते हैं। ऐसे जहरीले पदार्थों का जमा होना मानव शरीर के लिए खतरनाक हो सकता है। शरीर में पानी की कमी से गुर्दे की पथरी यानी किडनी स्टोन बन सकती हैं। ये पत्थर या तो मटर के आकार के हो सकते हैं या गोल्फ की गेंद जितने बड़े हो सकते हैं। पथरी आमतौर पर कैल्शियम ऑक्सालेट और कुछ अन्य यौगिकों से बने होते हैं और इनकी बनावट क्रिस्टल होती है।

गुर्दे की पथरी बनने से वजन कम होने, बुखार, मतली, रक्तमेह और पेट के निचले हिस्से में गंभीर दर्द के साथ पेशाब करने में परेशानी हो सकती है। गुर्दे की पथरी ज्यादातर सर्जरी द्वारा हटा दी जाती है। लेकिन कुछ प्रभावी और प्राकृतिक तरीके हैं जिनके जरिए किडनी की पथरी को बाहर निकालने में मदद मिल सकती है।

## खूब पानी पिएं

जल को जीवन का अमृत माना गया है। यह हाइड्रेशन के स्तर को बनाए रखने में मदद करता है। पानी गुर्दे को खनिजों और पोषक तत्वों को भंग करने में मदद करता है, और पाचन और अवशोषण की प्रक्रिया को तेज करता है। पानी शरीर से अनावश्यक विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करता है जिससे किडनी को और नुकसान हो सकता है। जिन लोगों को गुर्दे की पथरी है उन्हें इन पत्थरों को पेशाब के माध्यम से बाहर निकालने के लिए दिन में 7-8 गिलास पानी पीने की सलाह दी जाती है।

## नींबू का रस और जैतून का तेल



नींबू के रस और जैतून के तेल का मिश्रण सुनने में थोड़ा अजीब लग सकता है लेकिन यह किडनी की पथरी को शरीर से बाहर निकालने का एक बहुत ही प्रभावी घरेलू उपाय साबित हो सकता है। जो लोग अपनी किडनी से पथरी को प्राकृतिक रूप से हटाना चाहते हैं उन्हें इस तरल को रोजाना तब तक पीना चाहिए जब तक कि पथरी निकल न जाए। जबकि नींबू का रस गुर्दे की पथरी को तोड़ने में मदद करता है, जैतून का तेल बिना किसी समस्या या जलन के सिस्टम से गुजरने के लिए लुब्रिकेंट के रूप में कार्य करता है।

## सेब का सिरका

सेब के सिरके में साइट्रिक एसिड होता है जो किडनी स्टोन को छोटे-छोटे कणों में तोड़ने और घुलने की प्रक्रिया में मदद करता है। यह मूत्रमार्ग के माध्यम से गुर्दे की पथरी को हटाने में मदद करता है। सेब के सिरके का सेवन विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने और किडनी को भी साफ करने में मदद करता है। दो बड़े चम्मच सेब का सिरका रोजाना गर्म पानी के साथ तब तक लिया जा सकता है जब तक कि किडनी से पथरी पूरी तरह से निकल न जाए।

## कॉर्न हेयर या कॉर्न सिल्क

मक्के के बाल या मक्के का रेशम मक्के की भूसी में पाया जाता है और आमतौर पर इसे फेंक दिया जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि किडनी स्टोन को सिस्टम से बाहर निकालने के मामले में यह बेहद कारगर है। मक्के के बालों को पानी में उबालकर बाद में छानकर सेवन किया जा सकता है। यह नए पत्थरों के निर्माण को भी रोकता है और एक मूत्रवर्धक है जो मूत्र के प्रवाह को बढ़ाता है। मकई के बाल गुर्दे की पथरी के साथ होने वाले दर्द को कम करने में भी मदद करते हैं।

## अनार का रस

नेशनल किडनी फाउंडेशन के अनुसार, अनार कई पोषक तत्वों से भरपूर होता है। अनार का रस सबसे अच्छे प्राकृतिक पेय में से एक है जो शरीर को हाइड्रेट रखने में मदद कर सकता है। यह गुर्दे की पथरी को प्राकृतिक रूप से दूर करने में मदद करता है। इसमें अच्छे एंटीऑक्सिडेंट होते हैं जो प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ाने में मदद करते हैं।





# सुबह की शुरुआत करने के लिए बेस्ट ड्रिंक है शहद-पानी

सुबह की शुरुआत अक्सर लोग चाय-कॉफी से करते हैं। हालांकि कुछ लोग वजन घटाने के लिए शहद का पानी पीते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि ये पानी कई तरह से आपकी हेल्थ के लिए फायदेमंद है। शहद में एंटी इंफ्लामेटरी, औषधीय और एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं, जो अलग बीमारियों को दूर कर सकते हैं। इसके अलावा भी ये काफी तरह से फायदेमंद हो सकता है।

## इम्यूनिटी के लिए बेहतरीन

शहद में फाइबर होता है ऐसे में ये पाचन के लिए अच्छा साबिक होता है। शहद का पानी सूजन को कम करता है और आपके पाचन में सुधार करता है। यह हमारे शरीर में मौजूद हानिकारक केमिकल की मात्रा को कम करता है जो ब्लोटिंग और गैस के लिए जिम्मेदार होते हैं। इसके अलावा शहद एंटीऑक्सिडेंट और एंटी-बैक्टीरियल गुणों से भरपूर होता है जो हमारी इम्यूनिटी को बूस्ट करने में मदद कर सकता है।

## सामान्य सर्दी जुकाम छू मंतर

अध्ययनों से पता चला है कि एक गिलास गर्म शहद का पानी पीने से सामान्य सर्दी, बुखार और खांसी से बचा जा सकता है। ऐसे में आप हर सुबह इस जादुई मिश्रण को पी सकते हैं। तेजी से वजन घटाने के लिए बेस्ट है लौकी का पानी, यहां सीखें बनाने का तरीका

## वजन घटाने में मददगार

ज्यादातर मामलों में, वजन बढ़ने से खराब पाचन, कब्ज, स्लो मेटाबॉलिज्म और पाचन संबंधी दूसरी समस्याएं होती हैं। शहद का पानी इन सभी समस्याओं से लड़ता है और आपके मेटाबॉलिज्म को बढ़ाता है, जो आपको वजन कम करने में मदद करता है। इसी के साथ खाली पेट एक गिलास गर्म शहद का पानी पीना से आपके शरीर से टॉक्सिन को बाहर निकालने में मदद मिलती है।

## दिल की बीमारी में फायदेमंद

शहद का पानी पीने से शरीर में ब्लड के थक्कों को बनने से रोका जा सकता है। अगर आप अपने ब्लड प्रेशर, हाइपरटेंशन और कोलेस्ट्रॉल को कम करना चाहते हैं, तो अपने दिन की शुरुआत इस जादुई ड्रिंक से करें।

## डल और ड्राई स्किन होगी दूर

डिहाईड्रेशन आपकी स्किन को डल और ड्राई बना सकता है। इसलिए, सुबह सही मात्रा में पानी पीने से आपकी त्वचा दिन भर फ्रेश और सॉफ्ट दिखेगी।

## कैसे बनाएं शहद का पानी

इसे बनाने के लिए एक पैन में एक गिलास पानी गर्म करें। फिर इसमें एक बड़ा चम्मच शहद डालकर अच्छी तरह मिला लें। अच्छे रिजल्ट के लिए आप इसमें 1 चम्मच नींबू का रस भी मिला सकते हैं। इस ड्रिंक को रोज सुबह खाली पेट पिएं।



# इन घरेलू तरीकों से ठीक करें सिरदर्द, नींद भी आएगी अच्छी

सिरदर्द के कई कारण होते हैं। नींद पूरी न होना, स्ट्रेस, थकान, मेडिकल कंडीशन, शोर आदि। कई बार ऐसा भी होता है कि हमें सिरदर्द की कोई वजह समझ नहीं आती। इससे आपको कई हेल्थ इश्यू भी हो सकते हैं।

सिरदर्द सबसे आम परेशानी। शायद ही दुनिया में कोई ऐसा व्यक्ति होता जिसे कभी सिरदर्द नहीं हुआ होगा। कुछ लोग तो ऐसे होते हैं, जिनकी सुबह की शुरुआत ही सिरदर्द से होती है। सिरदर्द के कई कारण होते हैं। नींद पूरी न होना, स्ट्रेस, थकान, मेडिकल कंडीशन, शोर आदि। कई बार ऐसा भी होता है कि हमें सिरदर्द की कोई वजह समझ नहीं आती। ऐसे में कई लोग तो सिरदर्द होने पर हमेशा पेनकिलर का सहारा लेते हैं। उन्हें पेनकिलर्स खाने की इतनी आदत पड़ जाती है कि माइल्ड पेन होने पर भी वे बार-बार पेनकिलर्स लेने लगते हैं जबकि हमेशा पेनकिलर खाना सेहत पर भारी पड़ सकता है। इससे आपको कई हेल्थ इश्यू भी हो सकते हैं। आइए, जानते हैं सिरदर्द होने पर आप क्या उपाय कर सकते हैं

## हेड मसाज

सिर की मालिश को कभी भी लाइट न लें, खासकर अगर आपके सिर में दर्द हो रहा है, तो आपको किसी भी ऑयल से हेड मसाज जरूर करानी चाहिए। इससे आपकी नसों को काफी आराम मिलता है और सिरदर्द से भी राहत मिलती है।

## आइस पैक

बर्फ के टुकड़ों को किसी कपड़े में लपेटकर माथे पर हल्के हाथों से दबाएं। इससे आपको दर्द से आराम मिलेगा। आप थोड़ी-थोड़ी देर में भी आइस पैक को माथे पर लगा सकते हैं। सिरदर्द को ठीक करने में यह सबसे कारगर उपाय है।

## हॉट राइस बैक

इसके लिए आपको कच्चे चावल को तवे पर गर्म करना है। इसके बाद इन चावलों को किसी पॉलीबैग में भर लें। इससे आप माथे पर सेंक लगा सकते हैं। इससे भी आपका सिरदर्द काफी हद तक ठीक हो जाता है।

## पानी

कभी-कभी पानी की कमी से भी शरीर खासकर सिर में दर्द होता है। ऐसे में शरीर को हाइड्रेट रखें और तेजी से कम से कम दो गिलास ठंडा पानी पिएं। इससे भी सिरदर्द में काफी आराम मिलता है।

## लैवेंडर ऑयल

लैवेंडर ऑयल का इस्तेमाल अरोमा थेरेपी में किया जाता है। इससे आपको शांति और सुकून मिलता है। इसके लिए सबसे पहले लैवेंडर ऑयल को गर्म कर लें और इसे किसी ऐसी जगह पर रख दें, जिससे इसकी महक अच्छी तरह आए।

## ब्रीदिंग एक्सरसाइज

ब्रीदिंग एक्सरसाइज को कम से कम 10 मिनट तक करें। इस एक्सरसाइज को करने से आपको काफी आराम मिलता है। ब्रीदिंग एक्सरसाइज से नसें काफी रिलेक्स हो जाती हैं।

## आयुर्वेदिक चाय

आयुर्वेदिक चाय भी सिरदर्द को ठीक करने में कारगर मानी जाती हैं। आप मसाला चाय भी पी सकते हैं। कोशिश करें कि चाय को गर्म सिप-सिप करके पिएं। ठंडी चाय आपका सिरदर्द बढ़ा सकती है।

# दिल्ली-एनसीआर में पहले से सस्ता मिलेगा कश्मीरी सेब

### ताजा भी होगा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की आजादपुर मंडी तक जल्द ही कश्मीरी सेब ट्रेन से पहुंचने लगेंगे। उत्तर रेलवे ने कश्मीर के बड़गाम से आजादपुर मंडी के पास बने आदर्श नगर रेलवे स्टेशन तक पार्सल ट्रेन (जॉइंट पार्सल प्रोडक्ट-रैपिड कार्गो सर्विस) चलाने की योजना बनाई है। इस ट्रेन के माध्यम से न केवल सेब, बल्कि ड्राई फ्रूट, कालीन, बैट एवं अन्य सामान भी भेजा जा सकेगा। इस ट्रेन का परिचालन इसी माह से शुरू होगा। रेलवे अधिकारियों के अनुसार दिल्ली से श्रीनगर तक रेल मार्ग बनाया जा चुका है। इसके बनने से कश्मीर के कई महत्वपूर्ण इलाके रेल नेटवर्क से जुड़ गए हैं। श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा से श्रीनगर के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस का परिचालन भी प्रतिदिन किया जा रहा है। इस रेल लाइन का इस्तेमाल कारोबार की दिशा में भी बढ़ाने का काम रेलवे द्वारा किया जा रहा है। इस कड़ी में अब रेलवे कश्मीर से दिल्ली के बीच पार्सल वैन गाड़ी शुरू करने जा रही है। यह ट्रेन रोजाना दिल्ली के आदर्श नगर स्टेशन से बड़गाम तक चलेगी। फिलहाल इसमें 10 से 12 पार्सल कोच रखे जाएंगे। रेलवे सूत्रों ने बताया इस ट्रेन के परिचालन से कश्मीरी सेब जब आजादपुर मार्केट में पहुंचेंगे, तो दिल्ली-एनसीआर में सेब के दामों में भी गिरावट देखने को मिलेगी। अभी के समय में कश्मीर से सेब व अन्य सामान सड़क मार्ग से आता है। इसमें कई बार 5 से 7 दिन का समय लगता है। कई बार रास्ते में ही फल खराब हो जाते हैं। इसके चलते मंडी तक पहुंचने में सेब या अन्य सामान महंगा हो जाता है, लेकिन अब कश्मीर से चला सेब महज 18 से 20 घंटे में आदर्श नगर रेलवे स्टेशन पहुंच जाएगा।

# बाइक लेकर यूईआर-2 मत चले जाइएगा; पुलिस काट देगी चालान, 24 पर हो चुका ऐक्शन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस ने हाल ही में खुले अर्बन एक्सटेंशन रोड- पर बाइक और मोटरसाइकिल चलाने वालों पर कार्रवाई शुरू कर दी है। सोमवार को दो अधिकारियों ने बताया कि रविवार को कम से कम 24 लापरवाह बाइकर्स पर जुर्माना लगाया गया, क्योंकि इन वाहनों को दिल्ली और हरियाणा को जोड़ने वाले इस कई लेन वाले रास्ते पर चलने की अनुमति नहीं है। पुलिस ने कहा कि ज्यादातर मोटरसाइकिल चालक इस सड़क का इस्तेमाल मौज-मस्ती करने और रील्स बनाने के लिए कर रहे हैं। एक अधिकारी ने बताया, हमने यूइआर-2 के उस हिस्से पर पुलिसकर्मियों को तैनात किया है जो नजफगढ़ पुलिस स्टेशन के अंतर्गत आता है, ताकि अचानक जांच की जा सके और इस रास्ते पर चलने वाले बाइकर्स पर जुर्माना लगाया जा सके। इस अभियान के दौरान, हमने कम से कम 24 दोपहिया वाहनों को रोका और उनके चालकों का चालान किया। उनमें से कुछ बाइकर ग्रुप्स के सदस्य थे, जो आमतौर पर वीकेंड पर अपनी लाखों की स्पोर्ट्स बाइक पर मौज-मस्ती के लिए निकलते हैं। उन पर



कोई और कार्रवाई नहीं की गई और छोड़ दिया गया। पुलिस उपायुक्त (द्वारका) अंकित सिंह ने बताया कि उन्होंने इस रोड पर दोपहिया वाहनों की अनियंत्रित आवाजाही के कारण एक विशेष अभियान चलाने का फैसला किया है। डीसीपी सिंह ने कहा, चूंकि यूइआर-2 को दोपहिया वाहनों के लिए प्रतिबंधित रखा गया है, इसलिए नियमों का उल्लंघन रोकना जरूरी है। इसीलिए, रविवार को यह विशेष अभियान चलाया गया था। हम भविष्य में भी दोपहिया वाहनों के खिलाफ सरप्राइज चेकिंग करते रहेंगे। एक अन्य पुलिस अधिकारी ने बताया कि रविवार को नियम तोड़ने वालों के लिए तीन तरह के चालान जारी किए गए। पहला चालान नो-एंट्री के उल्लंघन के लिए 20,000 का था, जो पहली बार उल्लंघन करने पर लगाया गया। बाकी दो चालान खतरनाक तरीके से गाड़ी चलाने और रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट के उल्लंघन के लिए थे। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के अनुसार, खतरनाक तरीके से गाड़ी चलाने पर कोर्ट चालान होता है, जबकि ऋष्ट के उल्लंघन पर पहली बार पकड़े जाने पर 5,000 और दोबारा पकड़े जाने पर 10,000 का जुर्माना लगता है। 75.71 किलोमीटर लंबा यूइआर-2 गुरुग्राम, पश्चिमी और दक्षिणी दिल्ली को एनएच-44 से जोड़ता है, और उसके बाद चंडीगढ़, पंजाब और जम्मू-कश्मीर से भी जोड़ता है। इसका उद्घाटन 17 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। पुलिस ने बताया कि इसे जनता के लिए खोले जाने से एक हफ्ते पहले, तीन लोगों की उनके स्कूटर के एक टाटा नेक्सॉन कार से टकराने से मौत हो गई थी। वे यूइआर-2 पर द्वारका से नजफगढ़ की ओर गलत दिशा में जा रहे थे।

# बाढ़ से बचाव की तैयारी, दिल्ली में यमुना किनारे रखी जाएंगी रेत की बोरियां

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली-एनसीआर में आज भी भारी से बहुत भारी वर्षा होने का अनुमान है। गुरुग्राम में मंगलवार को स्कूलों और दफ्तरों को ऑनलाइन मोड में चलाने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं, दिल्ली में यमुना नदी का जलस्तर मंगलवार सुबह खतरे के निशान को पार कर गया। दिल्ली के पुराने रेलवे ब्रिज पर आज सुबह 9 बजे यमुना नदी का जलस्तर बढ़कर 205.81 मीटर हो गया और यह लगातार बढ़ रहा है। यहां खतरे का निशान 205.33 मीटर पर है। दिल्ली और आसपास के इलाकों में सोमवार को हुई जबरदस्त बारिश और हरियाणा के हथिनीकुंड बैराज से लगातार बड़ी मात्रा में पानी छोड़े जाने के कारण दिल्ली में ऊफान पर आ गई है। वहीं, सरकार ने निचले इलाके में रहने वाले लोगों को घर खाली करने की चेतावनी जारी कर दी है। यमुना का जलस्तर बढ़ने से आज सुबह यमुना बाजार, मॉनेस्ट्री



मार्केट, ओल्ड उस्मानपुर गांव और बुराड़ी खादर में बाढ़ का पानी भर गया। हालात को देखते हुए लोगों ने यहां से पलायन करना शुरू कर दिया है। गुरुग्राम में कल बारिश के चलते सड़कों पर हुए जलभराव के बाद कई किलोमीटर लंबा जाम देखने को मिला। वहीं, नोएडा, गाजिबाद और फरीदाबाद भी बारिश और जलभराव से बेहाल नजर आए। दिल्ली में यमुना नदी के उफान पर होने के कारण ओखला बैराज के सभी गेट खोल दिए गए हैं। एक अधिकारी ने कहा कि इस बीच, मंगलवार सुबह दिल्ली के पुराने रेलवे ब्रिज पर यमुना नदी का जल स्तर बढ़कर 205.80 मीटर हो गया, जो खतरे के निशान 205.33 मीटर को पार कर गया है। नदी में बढ़ते जलस्तर से शहर के निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है।

**दिल्ली में यमुना नदी का जलस्तर बढ़कर 205.80 मीटर पर पहुंचा:** दिल्ली सरकार के एक अधिकारी ने कहा कि मंगलवार सुबह दिल्ली के पुराने रेलवे ब्रिज (लोहा पुल) पर यमुना नदी का जलस्तर बढ़कर 205.80 मीटर हो गया, जो खतरे के निशान 205.33 मीटर को पार कर गया है। इस बढ़ोतरी से शहर के निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा पैदा हो गया है। दिल्ली-एनसीआर में भारी बारिश के बाद गुरुग्राम शहर के कुछ हिस्सों में जलभराव होने से लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। गुरुग्राम सेक्टर 10 के दृश्य गंभीर जल जमाव को दर्शाते हैं, जिससे सामान्य जीवन बाधित हो रहा है।

# निक्की का मायके से पहले ससुराल में श्राद्ध भाभी को भरोसा - विपिन नहीं हत्यारा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सिरसा गांव में दहेज के लिए विवाहिता निक्की की जलाकर हत्या करने के मामले में पुलिस की जांच प्रक्रिया तेजी के साथ आगे बढ़ रही है। पुलिस को विवेचना पूरी करने के लिए फोरेंसिक जांच रिपोर्ट का इंतजार है। इसके बाद पुलिस जांच प्रक्रिया पूरी कर चार्जशीट फाइल करेगी। ग्रेटर नोएडा के सिरसा गांव में 21 अगस्त की शाम दहेज के लिए विवाहिता निक्की की जलाकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में निक्की की बहन कंचन की तरफ से आरोपी पति विपिन, सास, ससुर और जेठ के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया गया था। पुलिस सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस द्वारा इस मामले की विवेचना की जा रही है। पुलिस ने घटना से जुड़े हुए सभी साक्ष्य एकत्र किए हैं। इसके साथ ही पीड़ित पक्ष के बयान दर्ज किए गए हैं, इसमें आरोपी पक्ष के कुछ लोगों के भी बयान दर्ज हुए हैं। पुलिस का दावा है कि जांच प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है, हालांकि अभी इसमें फॉरेंसिक की जांच रिपोर्ट के आने का इंतजार किया जा रहा है। इन जांच रिपोर्ट को भी विवेचना में शामिल किया जाएगा। इसके बाद जल्द से जल्द पुलिस इस प्रकरण में चार्जशीट कोर्ट में दाखिल करेगी। सिरसा गांव में सोमवार को निक्की की तेरहवीं की रस्म पूरी की गई। इसके लिए शोक सभा का आयोजन किया गया। ग्रामीणों ने निक्की की फोटो पर फूल चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी। ग्रामीणों का कहना है कि निक्की का सिरसा में अंतिम संस्कार किया गया था। ऐसे में परिवार का फर्ज बनता है कि उसकी तेरहवीं भी वहीं होनी चाहिए। सोमवार को निक्की के ससुर की दुकान पर शोक सभा का आयोजन किया गया। परिवार और गांव के लोगों ने निक्की को श्रद्धांजलि दी। निक्की हत्याकांड को लेकर उसकी भाभी मनीषा भी काफी चर्चा में है। मनीषा का दावा है कि विपिन निक्की को काफी प्यार करता था। ससुराल में भी विपिन की काफी इज्जत थी। दरअसल, निक्की की भाभी मनीषा का उसके पति रोहित से विवाद चल रहा है। मनीषा का आरोप है कि उसे दहेज के लिए ससुराल पक्ष के लोगों ने छोड़ रखा है। निक्की हत्याकांड के बाद से मनीषा भी चर्चा में है। मनीषा ने अपनी ससुराल पक्ष के लोगों पर चुटकी लेते हुए कहा की विपिन को ससुराल में काफी मान सम्मान मिलता था। ससुराल में उसे विप्पु नाम से पुकारते थे। निक्की हत्याकांड को लेकर उसकी भाभी मनीषा भी काफी चर्चा में है। मनीषा का दावा है कि विपिन निक्की को काफी प्यार करता था। ससुराल में भी विपिन की काफी इज्जत थी। दरअसल निक्की की भाभी मनीषा का उसके पति रोहत से विवाद चल रहा है। मनीषा का आरोप है कि उसे दहेज के लिए ससुराल पक्ष के लोगों ने छोड़ रखा है।

# पाकिस्तान के पावर-हिटर आसिफ अली ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया



**नई दिल्ली एजेंसी।** पाकिस्तानी बल्लेबाज आसिफ अली ने अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कह दिया है। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया है कि वह घरेलू क्रिकेट खेलते रहेंगे। पाकिस्तान के मध्यक्रम बल्लेबाज आसिफ अली ने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, मैं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करता हूं। पाकिस्तान की जर्सी पहनना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा है। क्रिकेट के मैदान पर अपने मुल्क की सेवा करना मेरे लिए सबसे गर्व की बात है। आसिफ अली ने समर्थकों का आभार जताते हुए कहा, अपने फैंस, साथियों और कोच का शुक्रिया, जिन्होंने हर उतार-चढ़ाव में मुझे प्यार, भरोसा और समर्थन दिया। अपने परिवार और दोस्तों का भी धन्यवाद, जो मेरे साथ खुशियों में और मुश्किल घड़ियों में खड़े रहे, खासकर विश्व कप के दौरान मेरी प्यारी बेटी के निधन जैसी त्रासदी में, उनकी मजबूती ने मुझे आगे बढ़ने की ताकत दी। उन्होंने लिखा, मैं अपार कृतज्ञता के साथ संन्यास लेता हूं। मैं आगे भी घरेलू और दुनियाभर की लीग क्रिकेट खेलकर अपने खेल के प्रति जुनून को साझा करता रहूंगा। आसिफ अली ने अप्रैल 2018 में अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत की थी। उन्होंने पाकिस्तान की ओर से 21 वनडे मुकाबलों में 25.46 की औसत के साथ 382 रन बनाए। इस दौरान उनके बल्ले से तीन अर्धशतक देखने को मिले। वहीं, 58 टी20 मुकाबलों में दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 15.18 की औसत के साथ 577 रन अपने खाते में जुटाए। उनका इस्तेमाल मुख्य रूप से एक फिनिशर और पावर-हिटर के रूप में किया गया। आसिफ अली ने आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2021 में अफगानिस्तान के खिलाफ यादगार पारी खेली थी। पाकिस्तान को जीत के लिए 12 गेंदों में 24 रनों की दरकार थी। ऐसे में आसिफ ने करीम जनत के ओवर में चार छक्के जड़ते हुए 7 गेंदों पर 25 रन बनाकर एक ओवर शेष रहते टीम को जीत दिलाई। एशिया कप-2022 में भारत के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए उन्होंने 8 गेंदों में 16 रनों की पारी खेलते हुए पाकिस्तान को अंतिम ओवर में जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी।

# मिचेल स्टार्क ने टी20 विश्वकप से पहले उठाया बड़ा कदम

### टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास



**ब्रिसबेन, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया। न्यूजीलैंड के खिलाफ एक अक्टूबर से शुरू हो रही तीन मैचों की श्रृंखला के लिए मंगलवार को घोषित आस्ट्रेलियाई टी20 टीम में स्टार्क और टेस्ट कप्तान पैट कमिंस के नाम नहीं हैं। 33 वर्ष के स्टार्क ने 65 टी20 मैचों में 79 विकेट लिए हैं। उन्होंने कहा कि टेस्ट क्रिकेट उनकी प्राथमिकता है और अगले दो साल के व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम के लिए उन्हें तैयार रहना है। कमिंस को पिछले महीने वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के बाद से आराम दिया गया है। उनकी कमर में भी दर्द है इसलिए नवंबर में इंग्लैंड के खिलाफ एशेज श्रृंखला की तैयारी के मद्देनजर उन्हें आराम दिया है। स्टार्क एशेज, भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला और 2027 वनडे विश्व कप के लिये पूरी तरह फिट रहना चाहते हैं। उन्होंने कहा, 'मैने ऑस्ट्रेलिया के लिए हर टी20 मैच के हर मिनट का मजा लिया है। खासकर 2021 विश्व कप क्योंकि जीत के साथ हमने पूरे सफर का आनंद लिया। स्टार्क ने कहा, 'टी20 से संन्यास लेने का कारण तरोताजा और फिट बने रहना है। इससे गेंदबाजी समूह को टी20 विश्व कप की तैयारी के लिए भी समय मिल जाएगा। आस्ट्रेलियाई चयन समिति के प्रमुख जॉर्ज बेली ने कहा, 'मिचेल को अपने टी20 करियर पर गर्व होना चाहिए। वह विश्व कप 2021 विजेता टीम का प्रमुख सदस्य था। अच्छी बात यह है कि वह टेस्ट और वनडे क्रिकेट खेलता रहेगा।

# क्रेग मैकमिलन बने न्यूजीलैंड महिला टीम के फुल टाइम असिस्टेंट कोच



**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्रेग मैकमिलन को न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम का फुल टाइम असिस्टेंट कोच नियुक्त किया गया है। वह न्यूजीलैंड के पूर्व खिलाड़ी और बल्लेबाजी कोच, बेन सॉयर और डीन ब्राउनली के साथ व्हाइट फर्न्स के बल्लेबाजी और क्षेत्ररक्षण विभागों का जिम्मा संभालेंगे। उनकी नियुक्ति आधिकारिक तौर पर इसी सप्ताह से होगी। इस भूमिका के तहत मैकमिलन अपना पूरा समय न्यूजीलैंड महिला टीम और विमेंस प्लेयर्स ऑफ इंटरेस्ट कार्यक्रम को समर्पित करेंगे। इस बीच वह कमेंट्री और अन्य कोचिंग प्रतिबद्धताओं से कुछ समय के लिए दूर रहेंगे। क्रेग इससे ठीक एक साल पहले पार्ट-टाइम कॉन्ट्रैक्ट पर टीम से जुड़े थे। मैकमिलन 2024 में यूएई में हुए आईसीसी टी20 विश्व कप खिताबी जीत के दौरान टीम के साथ थे। मैकमिलन यह जिम्मेदारी पूर्णकालिक रूप से संभालने पर बेहद खुश हैं। उन्होंने कहा, व्हाइट फर्न्स के साथ इस भूमिका में होना मेरे लिए बेहद खास है। महिला क्रिकेट लगातार मजबूत हो रहा है। मैं हमारी प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के साथ काम करते रहने के लिए उत्साहित हूं। उन्होंने कहा, पिछला साल बहुत जल्दी बीत गया। मुझे उस टीम का हिस्सा होने का हर पल बहुत अच्छा लगा, जो लगातार बेहतर होती जा रही है, एक-दूसरे को चुनौती देती है और विश्व मंच पर खास प्रदर्शन करती है। मैकमिलन ने बताया कि विमेंस क्रिकेट वर्ल्ड कप को लेकर न्यूजीलैंड की तैयारियां जोरों पर हैं। व्हाइट फर्न्स ने आगामी विश्व कप की तैयारी के लिए अगस्त में चेन्नई में ट्रेनिंग कैंप आयोजित किया, ताकि स्पिन-अनुकूल परिस्थितियों के अनुरूप ढल सकें। विमेंस वर्ल्ड कप 2025 की शुरुआत 30 सितंबर से होने जा रही है। 1 अक्टूबर को टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले के साथ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। न्यूजीलैंड का अगला मुकाबला 6 अक्टूबर को साउथ अफ्रीका से होगा। इसके बाद टीम 10 अक्टूबर को बांग्लादेश से भिड़ेगी। न्यूजीलैंड की विमेंस वर्ल्ड कप टीम की घोषणा 10 सितंबर को होगी।



# घर में उग आया पीपल कब नहीं माना जाता अशुभ, पेड़-पौधों से जुड़े इन 5 नियमों को जान लेंगे तो कभी नहीं होगी पैसों की कमी

**वास्तु शास्त्र में पेड़-पौधे से जुड़े ऐसे नियम बताए गए हैं, जिनका सीधा सम्बध आपके आर्थिक मामलों, सेहत और रिश्तों पर पड़ता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार कुछ पौधे ऐसे होते हैं, जिन्हें घर में लगाना शुभ माना जाता है, वहीं कुछ पौधे अशुभ माने जाते हैं। जैसे, घर में अपने आप उग आए पीपल को हमेशा अशुभ नहीं समझा जाता। इससे भी कुछ नियम जुड़े हुए हैं। आइए, जानते हैं वास्तु शास्त्र के अनुसार पेड़-पौधों से जुड़े नियम।**

## वास्तु उपाय

घर में पेड़-पौधों को लगाना सेहत के लिए बहुत ही अच्छा माना जाता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार भी घर में पेड़-पौधे लगाने से जीवन में सकारात्मकता का वास होता है। कुछ पौधे ऐसे होते हैं, जिन्हें घर में लगाने से आपको बीमारियों से छुटकारा मिलता है बल्कि आर्थिक स्थिति भी मजबूत होती है। वहीं, वास्तु शास्त्र के अनुसार कुछ पौधे घर में लगाना शुभ नहीं माना जाता। कुछ पौधे ऐसे होते हैं, जिन्हें घर में लगाने से नकारात्मकता का वास हो जाता है। आइए, जानते है वास्तु शास्त्र के अनुसार कौन-से पौधे घर में लगाने चाहिए और कौन-से नहीं और घर में पौधे लगाने से जुड़ीं खास बातें।

घर में पेड़-पौधों को लगाना सेहत के लिए बहुत ही अच्छा माना जाता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार भी घर में पेड़-पौधे लगाने से जीवन में सकारात्मकता का वास होता है। कुछ पौधे ऐसे होते हैं, जिन्हें घर में लगाने से आपको बीमारियों से छुटकारा मिलता है बल्कि आर्थिक स्थिति भी मजबूत होती है। वहीं, वास्तु शास्त्र के अनुसार कुछ पौधे घर में लगाना शुभ नहीं माना जाता। कुछ पौधे ऐसे होते हैं, जिन्हें घर में लगाने से नकारात्मकता का वास हो जाता है। आइए, जानते है वास्तु शास्त्र के अनुसार कौन-से पौधे घर में लगाने चाहिए और कौन-से नहीं और घर में पौधे लगाने से जुड़ीं खास बातें।

## घर के अंदर पेड़ लगाने का अर्थ

घर के अन्दर का अर्थ हुआ घर के मध्य का आँगन अथवा घर का बरामदा। अगर प्लॉट का साइज बड़ा है, तो बाहर की ओर बड़े वृक्ष लगाए जा सकते हैं। जो वृक्ष शुभ माने जाते जाते हैं, अगर वे घर के बाहर सही दिशा में हों, तो वह शुभ होते हैं। यदि शुभ वृक्ष किसी आस-पड़ोस के घर में सही दिशा में होते हैं, तो भी उनसे शुभ फलों की प्राप्ति होती है।

## घर में उगा हर पीपल नहीं होता अशुभ

पीपल का वृक्ष यदि 1000 पत्तों से कम है, तो वह पौधे की श्रेणी में आता है। ऐसे में यदि वह उचित स्थान पर नहीं है, तो उसे निकाल सकते हैं और फिर उसे दूसरी जगह पर स्थापित कर सकते हैं, परन्तु यदि कोई पीपल का वृक्ष 1000 पत्तों से अधिक हैं, तो उसे नहीं निकालना चाहिए

## पूर्व दिशा में कभी न लगाएं पीपल

पूर्व दिशा में लगा हुआ पीपल का पेड़ वहाँ के निवासियों के मन में भूत-प्रेत एवं आत्मा का डर पैदा करता है तथा जैसे-जैसे पेड़ बड़ा होता है, वैसे-वैसे घर में आर्थिक तंगी उत्पन्न करता है।यदि कांटे और दूध वाले पेड़ों को काटा नहीं जा सके, तो इनके पास शुभ वृक्ष लगा देना चाहिए।यदि घर के आस-पास कांटेदार वृक्ष हैं, तो आस-पड़ोस में निवास करने वालों से मनमुटाव होने का भय बना रहता है। कुछ लोग तो बिना वजह ही बोलना-चालना तक बन्द कर देते हैं।

## तुलसी का पौधा किस दिशा में लगाना चाहिए

ब्रह्मवैवर्तपुराण, के अनुसार घर के भीतर लगाई हुई तुलसी मनुष्यों के लिए कल्याणकरी, धन एवं पुत्र प्रदान करने वाली, पुण्यदायिनी तथा हरिभक्ति देने वाली होती है। सुबह उठकर तुलसी का दर्शन करने से सुवर्ण दान का फल प्राप्त होता है। वहीं, भविष्यपुराण में वर्णन है कि अपने घर से दक्षिण की ओर तुलसी वृक्ष का रोपण नहीं करना चाहिए, वरना आपकी शारीरिक पीड़ा जैसे घुटनों का दर्द, कमर का दर्द, रीढ़ की हड्डी में दर्द जैसी परेशानियां बढ़ सकती हैं।

## घर में किन पौधों नहीं लगाना चाहिए

दूध वाले वृक्ष धन सम्बन्धी समस्याओं को बढ़ावा देने वाले होते हैं और फल वाले वृक्ष सन्तान पक्ष में कोई न कोई दिक्कत पैदा करते हैं। वास्तुशास्त्र के अनुसार इनकी लकड़ी भी घर में नहीं लगानी चाहिए।घर के आस-पास काँटेदार, दूध वाले तथा फल वाले वृक्ष स्त्री और सन्तान दोनों को समस्या देते हैं।

# क्या कहते आपके सितारे

**मेष** (Aries) आज का दिन आपके लिए व्यर्थ के वाद विवाद से दूर रहने के लिए रहेगा। सामाजिक विषयों में आपकी काफी सक्रियता रहेगी। कार्यक्षेत्र में आपको योग्यता अनुसार काम मिलेगा जो आपकी खुशी का कारण बनेगा। आप आज मेहनत से बिल्कुल पीछे नहीं हटेंगे, लेकिन माता जी आपसे इसी बात को लेकर नाराज हो सकती हैं। आपकी लापरवाही आपके लिए समस्या बन सकती है। कोई नया काम करने की इच्छा जागृत हो सकती है।

**वृषभ** (Taurus) आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। किसी संपत्ति को लेकर कोई मामला यदि आपके लिए समस्या बना हुआ था, तो वह भी दूर होगा। आप अपने घर के रिनोवेशन के बारे में भी सोच सकते हैं। परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है और आप अपनी वाणी से सबका दिल जीतने में कामयाब रहेंगे। किसी दूर रह रहे परिजन से आपको मिलने का मौका मिलेगा।

**मिथुन** (Gemini) आज का दिन आपके लिए भाग्य की दृष्टि से अच्छा रहने वाला है। आप अपने काम को लेकर बजट बनाकर चलें। आपकी सहनशीलता बढ़ेगी जो आपको खुशी देगी। पारिवारिक दृश्य में आपकी काफी रुचि रहेगी। आपको किसी काम को लेकर थोड़ा धैर्य बनाए रखना होगा। आप अपने किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर काफी खुश होंगे। आपको यदि काम को लेकर कोई मित्र सलाह दे, तो आप उस पर अमल अवश्य करें।

**कर्क** (Cancer) आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला आप है। जल्दबाजी में कोई काम ना करें और अपने आवश्यक कामों को गति देकर आगे बढ़ाते रहें। पारिवारिक रिश्तों में एकता बनी रहेगी। आप कुछ नया करने की सोचेंगे जिसमें आपके परिवार की सदस्यों का पूरा सपोर्ट मिलेगा। राजनीति में आप थोड़ा सोच समझकर ही कदम बढ़ाए। वाहन की खराबी के कारण आपका धन खर्च बढ़ सकता है।

**सिंह** (Leo) आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा और आपके कौशल में सुधार लेकर आएगा। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी। आपकी कलात्मक क्षमता बढ़ेगी। मित्रों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। आपका कोई सहयोगी आपके कामों को टालने की कोशिश कर सकता है। आप अपने कामों को पूरे विस्तार से करेंगे। परिवार में यदि कोई कलह लंबे समय से चल रही है तो वह भी दूर होगी।

**कन्या** (Virgo) आज का दिन आपके लिए करियर में अच्छी सफलता लेकर आएगा। आपकी लोगों से सामंजस्यता बढ़ेगी और आप छुटपुट लाभ की योजनाओं पर भी पूरा ध्यान देंगे। आपके प्रभाव व प्रताप में वृद्धि होगी। आप सभी के प्रति आत्म समर्पित नजर आएंगे। जीवनसाथी को आप कहीं घुमाने लेकर जा सकते हैं। आपकी किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मुलाकात होगी। लेनदेन से संबंधित मामलों में आप लापरवाही बिल्कुल ना करें

**तुला** (Libra) आज का दिन आपके लिए व्यवसाय में कोई बड़ी उपलब्धि लेकर आने वाला है। आपको अपने आत्मविश्वास को मजबूत करने की आवश्यकता है। आपकी व्यावसायिक योजनाएं फलीभूत होंगी। आप भी जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी। आप कहीं घूमने फिरने जाएं, तो आप किसी से बेवजह न उलझे। आपकी कोई पुरानी गलती के लिए आपको अपने बॉस से डांट खानी पड़ सकती हैं।

**वृश्चिक** (Scorpio) आज का दिन आपके लिए सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको अपने आवश्यक कामों पर पूरा ध्यान देना होगा। परस्पर सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। आप कामों में उसके नीति व नियमों का उल्लंघन न करें। सामाजिक आयोजनों में भी आप बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। भगवान के भक्ति में आपका खूब मन लगेगा। आपने यदि किसी से कुछ कर्जा लिया था, तो उसे भी आप उतारने की कोशिश करेंग

**धनु** (Sagittarius) आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है। साझेदारी में कोई काम करना आपके लिए अच्छा रहेगा। किसी भूमि, वाहन आदि की खरीदारी आप कर सकते हैं। आपकी साख व सम्मान में वृद्धि होगी। साझेदारी में कोई काम करना आपके लिए अच्छा रहेगा। आपकी नेतृत्व क्षमता बढ़ेगी। आपको पिताजी आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी दे सकते हैं। आप अपने भाई व बहनों से तालमेल बनाकर चले।

**मकर** (Capricorn) आज का दिन आपके लिए मेहनत से अच्छा काम करने के लिए रहेगा। आप अपने मन में अहंकार बिल्कुल ना लाएं और अपने कामों को आगे लटकाने की कोशिश न करें। आपको अपने आलस्य को त्यागने की आवश्यकता है। आपकी दान धर्म के कामों में भी काफी रुचि रहेगी। आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी। आपको अपनी सेहत पर पूरा ध्यान देना होगा। आपकी लापरवाही के कारण आपकी समस्याएं बढ़ सकती हैं।

**कुंभ** (Aquarius) आज का दिन आपके लिए अपने जरूरी कामों पर पूरा ध्यान देने के लिए रहेगा। आप अपने खर्च पर भी थोड़ा ध्यान देकर करें। आपको अपने समय का सदुपयोग करने की आवश्यकता है। प्रतिस्पर्धा का भाव आपके मन में बना रहेगा। रचनात्मक कार्यो में आपकी काफी रुचि रहेगी। आपको बड़ों की बातों पर पूरा ध्यान देना होगा। संतान की आप कोई फरमाइश पूरी कर सकती है। आपके मन में किसी बात को लेकर संशय चल रहा है, तो आप उस काम में बिल्कुल आगे ना बढ़े।

**मीन** (Pisces) आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। कामकाज में भी आपको अच्छी सफलता मिलेगी। आपको अपने डेली रूटीन को बेहतर बनाए रखने की कोशिश करनी होगी। घरेलू मामलों को आप मिल बैठकर निपटाने की कोशिश करें और आप आवेश में आकर कोई निर्णय न लें। आपकी दीर्घकालीन योजनाओं को गति मिलेगी। राजनीति में कार्यरत लोगों को कोई पुरस्कार मिल सकता है। आप किसी धार्मिक आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं।

G. KACHHOMAL
ALL KINDS OF SWEETS & SNACKS
WE ALSO ACCEPT PARTY ORDERS
Raju K.Panjwani - 2531293, 3211365
Rakesh K. Panjwani - 9890359000
Shop No. 132, Opp. Mat Mandir, Ulhasnagar-5.

SHREE Rajaveer FOOD PRODUCTS
T.S.Chandwani
Specialist In :- Bread, Cake & Biscuits
Fact.: Amar Dye Rd., Near Shahad Cabin, Ulhasnagar-1. Tel. 2546079
Office : Baba Sai Nagar, Block A252/504, Ulhasnagar-4. Tel. 2527034

Hotel Ambrosia
Dayanand Shetty
2713001, 2712002, 2712003, 2564257
Opp. Vithalwadi Rly, Station (W), Ulhasnagar-421003.

Hotel VEEJAYS
Lodging and Boarding
24 Hours Room service available
Ulhasnagar Station Road, Burner Galli, Sukhdev Compound, Ulhasnagar-3
Tel. : 02512570009
Mob. : 07083880259




प्रकाशक, मुद्रक, मालिक संपादक श्री टीकम (टोनी) जे. लालवानी ने जय श्रीकृष्णा प्रिंटिंग प्रेस से छपवाकर मातोश्री मोहिनी बाई पैलेस, बैरक नंबर 427, रूम नंबर 15, निरंकारी हॉल के पीछे, उल्हासनगर-421001, जिला ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया।
RNI No. 68359/93,
( सभी प्रसंगों का न्याय क्षेत्र उल्हासनगर रहेगा )
दैनिक 'धनुषधारी' में छपने वाली विज्ञापनों की सत्यतता की जिम्मेदारी हमारी अखबार प्रबंधन की नही है। विज्ञापन में छपने वाले उत्पाद खरीदने, बेचने या किसी भी व्यवसाय या नौकरी लेने-या देने की जिम्मेदारी पाठक की खुद की रहेगी। -प्रबंधन।

Makhija Construction
25 YEARS Experience
BUILDING QUALITY TRUST
Email : makhijaconstruction@gmail.com, makhijaconstruction@hotmail.com
Hollywood Apartment, Shop No. 2 & 3, Opp., ICICI Bank, Near Chopra Court, Ulhasnagar-3 Ph.0251-2563555

# मानवाधिकार आयोग ने लालबाग का राजा के गणेश मंडल के साथ राज्य सरकार को नोटिस जारी किया

मुंबई (नि.स.)। मानवाधिकार आयोग ने मुंबई के लालबाग का राजा मंडप में वीवीआईपी के लिए अलग कतार के मुद्दे पर राज्य सरकार को नोटिस जारी कर स्थिति स्पष्ट करने का निर्देश दिया है। दरअसल मानवाधिकार आयोग से शिकायत की गई है कि विशेष अतिथियों के लिए यह विशेष व्यवस्था करके आम नागरिकों के मौलिक अधिकारों का हनन किया जा रहा है। इसे गंभीरता से लेते हुए आयोग ने राज्य सरकार से जवाब मांगा है। आपको बता दें कि मुंबई के दो वकीलों आशीष राय और पंकज कुमार मिश्रा ने लालबाग का राजा के वीआईपी दर्शन को लेकर मानवाधिकार आयोग में शिकायत दर्ज कराई है।

मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष अनंत बदर के समक्ष सोमवार को इस शिकायत पर सुनवाई हुई। इसमें आयोग ने राज्य के मुख्य सचिव, गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव, मुंबई पुलिस आयुक्त और मुंबई मनपा आयुक्त को भी नोटिस जारी किया है। मानवाधिकार आयोग ने इन सभी प्रतिवादियों को इस शिकायत की जांच कर छह सप्ताह के भीतर जवाब देने का आदेश दिया है। मामले की आगे की सुनवाई 7 अक्टूबर तक के लिए स्थगित कर दी गई है। इसके अलावा, आयोग ने लालबाग सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडल के अध्यक्ष और सचिव को भी नोटिस जारी कर इस शिकायत पर स्पष्टीकरण मांगा है।

**◆ क्या है मामला**

चूँकि गणेशोत्सव एक सार्वजनिक उत्सव है, इसलिए भगवान के दर्शन सभी के लिए सुलभ होने चाहिए। इस शिकायत में मांग की गई है कि भक्तों की दर्शन व्यवस्था में भेदभाव न करके आम भक्तों को न्याय दिया जाए। गणेशोत्सव के दौरान अन्य मंडलों की तुलना में यहाँ भक्तों की लंबी कतार लगती है। भक्त राजा के दर्शन के लिए घंटों कतारों में खड़े रहते हैं। यहाँ लालबाग के राजा के दर्शन करने के लिए मानो भक्तों में होड़ मची रहती है। यहाँ राज्य के कोने-कोने से और न केवल राज्य से बल्कि देश के कोने-कोने से भी भक्त दर्शन के लिए आते हैं। हालाँकि, लालबाग राजा गणेश मंडल ने विशेष भक्तों के लिए अलग दर्शन कतारें बनाकर भक्तों के बीच खुला भेदभाव किया है। एक ओर जहाँ आम लोगों को घंटों कतार में खड़े रहने के बाद भी ठीक से दर्शन नहीं करने दिए जाते, वहीं दूसरी ओर वीवीआईपी लोगों को उनकी सुविधानुसार आराम से दर्शन करा दिए जाते हैं। इस दर्शन कतार में हुई झड़पों के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुके हैं।

**◆ भगदड़ का खतरा**

लालबाग का राजा के दर्शन के लिए आम श्रद्धालुओं को बेहद संकरी जगह से होकर गुजरना पड़ता है। यहाँ लगातार 10 दिनों तक 24 घंटे श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि इस भीड़ की उचित योजना न होने के कारण भगदड़ का खतरा बना रहता है। यहाँ मंडल के कार्यकर्ताओं और निजी सुरक्षा गार्डों के बीच महिलाओं और विकलांग श्रद्धालुओं के साथ बहस की कई घटनाएँ हो चुकी हैं। इसलिए, शिकायत में दावा किया गया है कि यहाँ मानवाधिकारों का सीधा उल्लंघन हो रहा है। इसलिए, लालबागका राजा के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की देखभाल के लिए यहाँ प्रशिक्षित सुरक्षा गार्ड तैनात किए जाने चाहिए। ताकि इन बहसों से बचा जा सके, ऐसा दावा किया गया है।

# पुलिस ने ज़रांगे को जारी किया नोटिस
# आज़ाद मैदान तुरंत खाली करें



मुंबई (नि.स.)। पिछले पाँच दिनों से मुंबई के आज़ाद मैदान में मराठा आरक्षण के लिए मनोज ज़रांगे पाटिल अपने हजारों समर्थकों के साथ भूख हड़ताल पर हैं। बॉम्बे हाई कोर्ट द्वारा प्रदर्शनकारियों को सड़कें खाली करने का आदेश दिए जाने के बाद, मुंबई पुलिस ने मनोज जरांगे पाटिल को भी आजाद मैदान खाली करने का नोटिस जारी किया है। मराठा आरक्षण आंदोलनकारी मनोज ज़रांगे पाटिल पिछले पाँच दिनों से मुंबई के आज़ाद मैदान में ओबीसी कोटे से मराठों के लिए आरक्षण की मांग को लेकर भूख हड़ताल पर हैं। पुलिस ने मनोज ज़रांगे पाटिल और उनके साथियों को शर्तों के साथ विरोध प्रदर्शन की अनुमति दी थी। लेकिन सोमवार को हाई कोर्ट द्वारा प्रदर्शनकारियों को दक्षिण मुंबई की सड़कों को खाली करने का आदेश दिए जाने के बाद, यह कहते हुए कि इस विरोध प्रदर्शन में नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है, अब यह बात सामने आई है कि मुंबई पुलिस ने भी ज़रांगे को नोटिस जारी किया है। खबर है कि मुंबई पुलिस ने ज़रांगे पाटिल और उनकी कोर कमेटी को आज़ाद मैदान खाली करने का नोटिस जारी करते हुए कहा है कि हमारे द्वारा दिए गए नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है।

**कोर कमेटी का दावा, नोटिस नहीं मिला**

आजाद मैदान पुलिस ने मनोज जरांगे पाटिल की कोर कमेटी को नोटिस जारी किया है और पत्र में जल्द से जल्द आजाद मैदान खाली करने को कहा है। साथ ही, पुलिस ने मनोज जरांगे पाटिल द्वारा पत्र में मीडिया को दिए गए बयान पर भी ध्यान दिया है और नोटिस में उसका उल्लेख किया है। लेकिन कोर कमेटी ने दावा किया है कि हमें नोटिस नहीं मिला है। अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि मनोज जरांगे पाटिल इस नोटिस का क्या जवाब देते हैं। क्योंकि उन्होंने यह रुख अपनाया है कि जब तक हमारी माँगें नहीं मानी जातीं, वह मुंबई नहीं छोड़ेंगे और जब तक हमारी माँगें पूरी नहीं होतीं, वह मैदान नहीं छोड़ेंगे, चाहे उनकी जान ही क्यों न चली जाए।

# मराठा आंदोलन के कारण राज्य में माल परिवहन ठप, व्यापार संकट में



मुंबई (नि.स.)। महाराष्ट्र में मराठा आंदोलन से माल परिवहन पर व्यापक प्रभाव पड़ा है। इस आंदोलन के चलते माल परिवहन ठप हो गया है। दरअसल आंदोलन के चलते दक्षिण मुंबई से होकर गुजरने वाले अटल सेतु, नवी मुंबई मार्ग, पनवेल और ईस्टर्न फ्रीवे मार्ग भारी वाहनों और अधिक भार वाले माल के लिए पूरी तरह से बंद कर दिए गए हैं, जिससे माल परिवहन पूरी तरह से ठप हो गया है। इससे निर्यातकों, आयातकों और परियोजना कार्गो ऑपरेटरों को भारी नुकसान हुआ है। खबर है कि हजारों करोड़ रुपये मूल्य का निर्यात-आयात का सामान, सब फँसा हुआ है। ये सामग्रियाँ, जो देश की विभिन्न परियोजनाओं और विकास योजनाओं के लिए आवश्यक हैं, फँसी हुई हैं। खाली कंटेनरों पर डिटेंशन चार्ज, विलंब शुल्क और भारी जुर्माना लगाया जा रहा है। कई वाहन बिना ड्राइवरों के खड़े हैं। यदि इस संबंध में जल्द ही उचित कदम नहीं उठाए गए, तो महाराष्ट्र और भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा को नुकसान होगा। क्योंकि कार्गो शिपमेंट रद्द किए जा रहे हैं और व्यापार समझौते रद्द किए जा रहे हैं।

# रोड पर हुए जानलेवा गड्ढों के कारण दुर्घटना, बाइक सवार की मौत



भिवंडी (नि.सं.)। भिवंडी के धामनगांव में पाइप लाइन रोड पर हुए जानलेवा गड्ढों के कारण बाइक सवार दुर्घटना का शिकार हो गया और उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। भिवंडी शहर और ग्रामीण इलाकों में गड्ढे के कारण यह मौत की चौथी घटना है। बताया जाता है कि बाइक सवार की बाइक गड्ढे के कारण अनियंत्रित होने के बाद डंपर के नीचे आ गई, जिससे बाइक सवार की घटना स्थल पर ही मौत हो गई।

पुलिस सूत्रों के अनुसार दुर्घटना उस समय हुई जब लापे गांव के रहने वाले बाइक सवार विलास पाटील (50) काम से अपने घर की ओर लौट रहा था। भिवंडी तालुका पुलिस घटनास्थल पर पहुँचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए आईजीएम उपजिला अस्पताल भेज दिया है। बताते चलें कि इससे पहले भिवंडी वाडा रोड पर एक डॉक्टर समेत तीन लोगों की मौत हो चुकी है। मुंबई मनपा ने इन रास्तों पर बड़े-बड़े ट्रकों के आवागमन पर प्रतिबंध की चेतावनी भी लगा रखी है. उसके बाद भी इस तरह के बड़े-बड़े ट्रक इन रास्तों का उपयोग कर रहे हैं, जिससे आये दिन यहां हो रहे हादसे, कहीं न कहीं उन चेतावनियों का उल्लंघन है. वही मुंबई मनपा द्वारा इन रास्तों के रखरखाव और मरम्मत न करने के कारण भी यह हादसा एक कारण बताया जा रहा है।

# पुलिस ने प्रदर्शनकारियों के वाहनों को सड़क से हटाया सीएसएमटी स्टेशन के बाहर सड़क साफ की गई

मुंबई (नि.स.)। पिछले चार दिनों से मराठा प्रदर्शनकारियों ने मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) स्टेशन क्षेत्र को अवरुद्ध कर रखा था। आमतौर पर 24 घंटे व्यस्त रहने वाले सीएसएमटी स्टेशन के बाहर इस सड़क पर पिछले चार दिनों से यातायात लगभग ठप था। मनोज जरांगे पाटिल के साथ आए मराठा प्रदर्शनकारियों ने अपनी गाड़ियाँ यहीं खड़ी कर दी थीं। सोमवार को बॉम्बे हाईकोर्ट ने आदेश दिया था कि दक्षिण मुंबई के आज़ाद मैदान को छोड़कर सभी इलाकों को खाली कराया जाए। इसके बाद, मुंबई पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी थी। पुलिस ने सीएसएमटी स्टेशन के बाहर खड़ी मराठा प्रदर्शनकारियों के वाहनों को हटा दिया है। कहा गया है कि मराठा प्रदर्शनकारियों की इन वाहनों को नवी मुंबई ले जाया जाए। इसलिए, मंगलवार सुबह से सीएसएमटी स्टेशन के बाहर की सड़क साफ़ कर दी गई है और वहाँ से यातायात फिर से शुरू हो गया है।

मनोज जरांगे पाटिल ने कल भी स्पष्ट किया था कि मराठा प्रदर्शनकारियों को आज़ाद मैदान छोड़कर कहीं और नहीं जाना चाहिए। इसलिए, अदालत के आदेश और मनोज जरांगे पाटिल की अपील के बाद, सीएसएमटी क्षेत्र से प्रदर्शनकारियों को हटाया जा रहा है। पिछले कुछ दिनों से इस इलाके में यातायात पूरी तरह से बंद था। मगर हाई कोर्ट के आदेश के बाद, पुलिस इस इलाके को खाली कराकर यातायात बहाल कर रही है। बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेश और कुछ टिप्पणियों को दर्ज करने के बाद, प्रदर्शनकारियों के लिए जगह-जगह बैनर के ज़रिए ऐसे आदेश लगाए गए हैं। इनके ज़रिए प्रदर्शनकारियों को निर्देश दिए गए हैं। मुंबई की सभी सड़कें दोपहर 12 बजे तक खाली कर देनी हैं। वे अलग-अलग जगहों पर घूम रहे हैं और पुलिस द्वारा लाउडस्पीकर के ज़रिए निर्देश दिए जा रहे हैं। पिछले दो-तीन दिनों से दक्षिण मुंबई के हुतात्मा चौक पर भी बड़ी संख्या में मराठा प्रदर्शनकारी जमा देखे गए। इसके अलावा, इस इलाके में उनके लिए पार्किंग की भी व्यवस्था की गई थी। इस वजह से हुतात्मा चौक से आगे बढ़ने वाले वाहनों में बाधा आ रही थी। लेकिन अब हुतात्मा चौक से आगे जाने वाली सड़क साफ़ कर दी गई है। पार्किंग में खड़ी कई गाड़ियाँ वाशी और वाडीबंदर की ओर पार्किंग के लिए जा रही हैं। इससे हुतात्मा चौक पर यातायात भी सुचारू होता दिख रहा है और प्रदर्शनकारियों की भीड़ भी कम हो गई है।

# धामनकरनाका गणेशोत्सव मंडल में जीवदया के लिए दान देने की अपील



भिवंडी (नि.सं.)। भिवंडी के धामणकारनाका सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडल द्वारा जहां विभिन्न प्रकार के सामाजिक कार्य किया जा रहा है. वहीं स्ट्रीट डॉग, बिल्लियों एवं गायों आदि मूक पशुओं के भोजन, टीकाकरण एवं उपचार उपलब्ध कराने के लिए बेजुबान फाउंडेशन के माध्यम से जीवदया के लिए डोनेशन बॉक्स रखकर दान देने की अपील की गई है।

बतादें कि शहर में स्ट्रीट डॉग सहित अन्य जानवरों की मदद के लिए भिवंडी में बेजुबान फाउंडेशन के माध्यम से सेवा कार्य शुरू किया गया है। शहर में भारी संख्या स्ट्रीट डॉग हो गए हैं. उनकी देखभाल और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए एक पशु प्रेमी के रूप में जानी जाने वाली डॉ. दीप्ति देशमुख ने यह पहल की है। डॉ. दीप्ति देशमुख ने बताया किया है कि डॉ. निशा चौहान, जिया मोमिन, हर्ष चौधरी, मुजम्मिल विंचू एवं अंकित अवस्थी के सहयोग से शुरू किए गए बेजुबान फाउंडेशन का उद्देश्य स्ट्रीट डॉग, बिल्लियों और गायों को भोजन, टीकाकरण एवं उपचार प्रदान करके समाज में जागरूकता पैदा करना है। इस सेवा कार्य के लिए विशेष रूप से आर्थिक सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से संस्था की ओर से गणेशोत्सव मंडल मंडप में एक दान पेटी रखी गई है। डॉ. निशा चौहान ने गणेश भक्तों से संस्था के कार्यों में दान देने और सहयोग करने की अपील की है।

# मराठा आरक्षण: नवी मुंबई ट्रैफिक पुलिस ने नही लगने दिया जाम



नवी मुंबई (नि.सं.)। मुंबई के आजाद मैदान में मराठा आरक्षण को लेकर पिछले पांच दिन से आंदोलन जारी रहा. मुंबई में हो रहे इस आंदोलन का असर नवीमुंबई में भी देखने को मिला. हजारों की संख्या में आंदोलनकारी अपने बड़े-बड़े वाहन लेकर नवीमुंबई की ओर आने लगे और यहां यातायात जाम की समस्या बनने लगी. हालांकि नवीमुंबई की ट्रैफिक पुलिस ने तत्परता और सतर्कता दिखाते हुए कई ठोस उपाय किये जिससे नवीमुंबई में ट्रैफिक जाम की समस्या अधिक गंभीर नहीं होने पायी।

बताते चलें कि, मराठा नेता मनोज जरांगे पाटिल के नेतृत्व में मुंबई के आजाद मैदान में पाँच दिनों से विरोध प्रदर्शन शुरू था. मनोज जरांगे द्वारा आमरण अनशन शुरू करने के बाद मुंबई आने वाले प्रदर्शन कारियों की संख्या तेजी से बढ़ी. मुंबई के साथ-साथ हजारों प्रदर्शनकारी नवी मुंबई भी आए. बारिश के कारण मुंबई में आये सैकड़ों प्रदर्शन कारियों ने ठहरने के लिए नवीमुंबई का रूख किया और नवी मुंबई के सिडको प्रदर्शनी केंद्र, प्याज, आलू और फल मंडी, तेरना मैदान में रुके, जहां उनके लिए दोपहर का भोजन और नाश्ते की व्यवस्था की जा रही थी और शाम को मुंबई के प्रदर्शन स्थल से वे वापस नवीमुंबई लौट रहे थे. जिसके चलते सुबह व देर शाम के समय सायन-पनवेल हाईवे पर ट्रैफिक जाम की स्थिति बनती रही. इसके अलावा प्रदर्शनकारी वाहनों के कारण कलंबोली और अटल सेतु की ओर जाने वाले मार्गों पर गवान फाटा और पलासपे फाटा पर भी यातायात जाम हो रहा था।

**● जाम को देखते ट्रैफिक पुलिस हुई सतर्क**

राज्य से आने वाले प्रदर्शनकारियों के लिए नवी मुंबई से मुंबई आना आसान है, इसलिए बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी नवी मुंबई पहुँच रहे थे. विरोध प्रदर्शन जल्द खत्म न होते देख, ट्रैफिक पुलिस ने अपनी योजना पर सख्ती से अमल शुरू कर दिया. सबसे पहले, भारी वाहनों के प्रवेश, आवागमन और पार्किंग पर रोक लगा दी गई. इस दौरान एक वॉर रूम बनाया गया और सीसीटीवी कैमरों के जरिए 24 घंटे ट्रैफिक जाम पर नजर रखी गई. साथ ही चार कर्मचारी मोबाइल ऐप पर मैप पर लगातार नजर रख रहे रहे थे और ट्रैफिक पुलिस पाँच मिनट के अंतराल में ट्रैफिक जाम वाली जगह पर पहुँच कर ट्रैफिक जाम को नियंत्रित करती रही, जिससे ट्रैफिक जाम की समस्या पर काफी हद तक काबू पा लिया गया।

**● हर स्थिति पर थी उपायुक्त की नजर**

मराठा प्रदर्शनकारियों के चलते संभावित जाम से निपटने के लिए सभी यातायात पुलिसकर्मियों और अधिकारियों को हर समय सतर्क रहने के आदेश दिए गए और सभी गैर-जरूरी छुट्टियाँ रद्द कर दिया गया था. पुलिस समेत सभी 16 वरिष्ठ पुलिस निरीक्षकों को आम जनता से फोन पर संपर्क में रहने के निर्देश दिए गए. इसके अलावा पुलिस उपायुक्त स्वयं सभी कॉल का जवाब देकर संपर्क बनाए रहने से कर्मचारी अधिकारी भी सतर्क दिखे।

**● टोल नाका छोड़ पूरा इलाका रहा साफ**

प्रदर्शनकारियों को लेकर हाईकोर्ट द्वारा सख्त निर्देश दिए जाने के बाद, मुंबई पुलिस ने मुंबई में प्रदर्शनकारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है. वाशी खाड़ी ब्रिज खत्म होते ही मुंबई पुलिस ने चेकपॉइंट लगाकर वाहनों की जाँच शुरू कर दी है. अगर किसी वाहन में प्रदर्शनकारी हैं, तो ऐसे वाहनों को वापस भेजाना शुरू किया गया.जिसके कारण नवी मुंबई तक लगभग चार से पाँच किलोमीटर तक वाहनों की कतारें लग गई थी. लेकिन शाम होते-होते यातायात की दृष्टी से पूरी सड़क साफ हो गयी।

# अगले चार दिनों के लिए मौसम विभाग का महाराष्ट्र के विभिन्न स्थानों पर हाई अलर्ट

मुंबई (नि.स.)। इस समय देश के कई हिस्सों में भारी बारिश हो रही है। खासकर उत्तरी राज्यों जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में तेज़ हवाओं के साथ भारी बारिश हो रही है। इस बीच, मंगलवार से समूचे महाराष्ट्र में बारिश की तीव्रता बढ़ने की संभावना है। मंगलवार को मराठवाड़ा, विदर्भ, उत्तरी महाराष्ट्र और कोंकण तट पर भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। पुणे, सतारा और कोल्हापुर घाटों पर बारिश का येलो अलर्ट है। भारतीय मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, बंगाल की खाड़ी के ऊपर चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र सक्रिय है। अगले 24 घंटों में ये हवाएँ उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ेंगी और उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक निम्न दबाव का क्षेत्र बनेगा। इसके कारण मराठवाड़ा और विदर्भ के साथ-साथ मध्य महाराष्ट्र, कोंकण और गोवा के तटों पर भारी बारिश होगी। पिछले महीने महाराष्ट्र में बारिश की तीव्रता बढ़ गई थी। अब यह तीव्रता सितंबर की शुरुआत में भी जारी रहेगी। मौसम विभाग के अनुसार, समुद्र तल पर मानसूनी द्रोणिका के कारण एक निम्न दाब क्षेत्र बन रहा है।

राजस्थान के मध्य भाग में एक चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है। 2 सितंबर से बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक नया निम्न दाब क्षेत्र बनने की संभावना है। इसके चलते, मौसम विभाग ने देश के विभिन्न हिस्सों में भारी बारिश होने का अनुमान जताया है। अगले सात दिनों में गुजरात, कोंकण और गोवा, मध्य महाराष्ट्र और मराठवाड़ा क्षेत्रों में गरज के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। 2 और 3 सितंबर को कोंकण, गोवा, मध्य महाराष्ट्र और मराठवाड़ा में भारी बारिश की संभावना है, जबकि 3-4 और 5 सितंबर को कोंकण और गोवा तथा मध्य महाराष्ट्र में अत्यधिक भारी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने मंगलवार से अगले चार दिनों के लिए महाराष्ट्र के विभिन्न स्थानों पर हाई अलर्ट जारी किया है। मंगलवार को विदर्भ के चंद्रपुर और गढ़चिरौली जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इस बीच, मौसम विभाग ने पूरे मराठवाड़ा, शेष विदर्भ और नासिक समेत उत्तर महाराष्ट्र के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। कोंकण तट पर आज भारी बारिश की संभावना है और पुणे, सतारा और कोल्हापुर घाटों के लिए भी येलो अलर्ट जारी किया गया है।

# शॉर्ट टाईम के लिए लोन ले रहे है तो हो जाये सावधान!

नवी मुंबई (नि.सं.)। यदि आप किसी फर्जी एप्प से शॉर्ट टाईम यानी कम समय के लिए लोन लेने की कोशिश कर रहे हैं तो सावधान हो जाइये, क्योंकि यह शॉर्ट टर्म लोन आपके लिए परेशानी का कारण बन सकता है. दरअसल, लोन देकर मनमाने पैसे वसूलने एवं पैसे न भर पाने में असमर्थ लोगो को ब्लैकमेल करने वाले एक गिरोह के लोगों को पुलिस ने हवालात पहुंचाया है, लेकिन अब भी ऐसे कई गिरोहों के सक्रिय होने की खबर है. लोन का पैसा भरने के बावजूद जबर्दस्ती लोन देकर मनमाना पैसा वसूलने का एसा ही एक मामला नवी मुंबई से सामने आया है. इस संबंध में युवक ने ऑनलाइन सायबर सेल में शिकायत दर्ज कराई है।

नवी मुंबई के नेरुल में रहने वाले युवक ने अपनी शिकायत में पुलिस को बताया है कि कुछ दिन पहले शार्ट टाईम के लिए 2 हजार रुपये फ्लेक्स कैश नामक एप्प से उसने लोन लिया था. इस दौरान युवक से आरोपियों ने लाईव फोटो अपलोड करने की शर्त रखी, जिसके बाद युवक को एक सप्ताह के लिए 2 हजार रुपये देकर 3 हजार रुपये भरने को कहा गया था. हालांकि समय पूरा होने से पहले ही युवक को ब्लैकमेल किया जाने लगा. युवक ने बताया कि आरोपी उसके फोटो को एडिट कर नग्न बनाकर उनके व्हाट्सएप पर भेजकर ब्लैकमेल करने लगे, जिसके कारण उसने पूरे पैसे भर दिए. लेकिन पैसे भरते ही वापस उन्हें 3 हजार रुपये का जबर्दस्ती लोन देकर 5 हजार रुपये भरने के लिए दबाव बनाया जाने लगा. जिसके बाद जब युवक ने कंपनी के कस्टमर केयर से संपर्क करना चाहा तो कोई नम्बर नही मिला. जिसके बाद युवक ने कंपनी के मेल पर इस बात की शिकायत की, लेकिन फिर अलग-अलग विदेशी नम्बरो के व्हाट्सएप नम्बर से ब्लैकमेलिंग का सिलसिला जारी रहा. जिससे घबराये युवक ने मंगलवार को पुलिस की सायबर सेल में ऑनलाईन शिकायत दर्ज करवायी।


## आम सूचना

इस आम सूचना के माध्यम से मैं खैरून्निसा सौकत अली आम जनता को सूचित करना चाहती हूँ कि मैंने श्रीमती आशा मंगलाशंकर चौबे से उनकी मालकी वाली प्रापर्टी का सौदा नोटरी सेल एग्रीमेंट दिनांक 1/8/2025 के माध्यम से किया है। प्रापर्टी का विवरण है:- रूम नंबर 2, शिव कॉलोनी, बैरक नंबर 1968 के पीछे, उल्हासनगर-5 तथा जिसका उल्हासनगर मनपा के टैक्स विभाग में प्रापर्टी नंबर 57डीओ012587800 (पार्ट) है।

उक्त प्रापर्टी को मैं खैरून्निसा सौकत अली अपने नाम पर करवाने हेतु उल्हासनगर मनपा के टैक्स विभाग में अर्ज करने जा रही हूँ। अतः इस प्रापर्टी के संदर्भ में यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी को किसी भी प्रकार का कोई भी लेना-देना हो या वाद-विवाद हो तो वे इस आम सूचना के प्रकाशित होने के 7 दिनों के भीतर उल्हासनगर मनपा के टैक्स विभाग के उपायुक्त से संबंधित कागजातों के साथ लिखित में संपर्क करें। 7 दिनों बाद आये किसी भी ऐतराज को मान्य नहीं किया जायेगा और चेंज ऑफनेम की यह प्रक्रिया पूरी कर ली जायेगी।

**सही:- खैरून्निसा सौकत अली।** (P)

## आम सूचना

इस आम सूचना के माध्यम से मैं फरीदा खातून इफ्तिकार अहमद आम जनता को सूचित करना चाहती हूँ कि मैंने श्रीमती आशा मंगलाशंकर चौबे से उनकी मालकी वाली प्रापर्टी का सौदा नोटरी सेल एग्रीमेंट दिनांक 1/8/2025 के माध्यम से किया है। प्रापर्टी का विवरण है:- रूम नंबर 2, शिव कॉलोनी, बैरक नंबर 1968 के पीछे, उल्हासनगर-5 तथा जिसका उल्हासनगर मनपा के टैक्स विभाग में प्रापर्टी नंबर 57डीओ012587800 (पार्ट) है।

उक्त प्रापर्टी को मैं फरीदा खातून इफ्तिकार अहमद अपने नाम पर करवाने हेतु उल्हासनगर मनपा के टैक्स विभाग में अर्ज करने जा रही हूँ। अतः इस प्रापर्टी के संदर्भ में यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी को किसी भी प्रकार का कोई भी लेना-देना हो या वाद-विवाद हो तो वे इस आम सूचना के प्रकाशित होने के 7 दिनों के भीतर उल्हासनगर मनपा के टैक्स विभाग के उपायुक्त से संबंधित कागजातों के साथ लिखित में संपर्क करें। 7 दिनों बाद आये किसी भी ऐतराज को मान्य नहीं किया जायेगा और चेंज ऑफनेम की यह प्रक्रिया पूरी कर ली जायेगी।

**सही:- फरीदा खातून इफ्तिकार अहमद।** (P)

## आम सूचना

इस आम सूचना के माध्यम से मैं सिकिल कुमारी दिलीप कुमार गुप्ता आम जनता को सूचित करना चाहती हूँ कि मैंने श्री जगदीश मानिकलाल तलरेजा से उनकी मालकी वाली प्रापर्टी का सौदा नोटरी सेल एग्रीमेंट दिनांक 19/3/2024 के माध्यम से किया है। प्रापर्टी का विवरण है:- रूम नंबर 26, चॉल नंबर 12, आकाश कॉलोनी, उल्हासनगर-5 तथा जिसका उल्हासनगर मनपा के टैक्स विभाग में प्रापर्टी नंबर 55डीआई013541900 है।

उक्त प्रापर्टी को मैं सिकिल कुमारी दिलीप कुमार गुप्ता अपने नाम पर करवाने हेतु उल्हासनगर मनपा के टैक्स विभाग में अर्ज करने जा रही हूँ। अतः इस प्रापर्टी के संदर्भ में यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी को किसी भी प्रकार का कोई भी लेना-देना हो या वाद-विवाद हो तो वे इस आम सूचना के प्रकाशित होने के 7 दिनों के भीतर उल्हासनगर मनपा के टैक्स विभाग के उपायुक्त से संबंधित कागजातों के साथ लिखित में संपर्क करें। 7 दिनों बाद आये किसी भी ऐतराज को मान्य नहीं किया जायेगा और चेंज ऑफनेम की यह प्रक्रिया पूरी कर ली जायेगी।

**सही:- सिकिल कुमारी दिलीप कुमार गुप्ता।** (P)

## आम सूचना

इस आम सूचना के माध्यम से मैं रमा स्वप्निल जाधव आम जनता को सूचित करना चाहती हूँ कि मैंने श्री रईस युसुफशेख से उनकी मालकी वाली प्रापर्टी का सौदा नोटरी सेल एग्रीमेंट दिनांक 3/7/2025 के माध्यम से किया है। प्रापर्टी का विवरण है:- राहुल सॉ मिल के पास, रामनगर, लालचक्की, स्टेशन रोड़, उल्हासनगर-4 तथा जिसका उल्हासनगर मनपा के टैक्स विभाग में प्रापर्टी नंबर 40सीओ009141500 है।

उक्त प्रापर्टी को मैं रमा स्वप्निल जाधव अपने नाम पर करवाने हेतु उल्हासनगर मनपा के टैक्स विभाग में अर्ज करने जा रही हूँ। अतः इस प्रापर्टी के संदर्भ में यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी को किसी भी प्रकार का कोई भी लेना-देना हो या वाद-विवाद हो तो वे इस आम सूचना के प्रकाशित होने के 7 दिनों के भीतर उल्हासनगर मनपा के टैक्स विभाग के उपायुक्त से संबंधित कागजातों के साथ लिखित में संपर्क करें। 7 दिनों बाद आये किसी भी ऐतराज को मान्य नहीं किया जायेगा और चेंज ऑफनेम की यह प्रक्रिया पूरी कर ली जायेगी।

**सही:- रमा स्वप्निल जाधव।** (P)